




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



**आवश्यकता है**

**मीडिया हाउस**

में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।

(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)

वेतन चार अंकों में ....

पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई

संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 14 अंक - 326 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 8 सितंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर



### 30 से अधिक महिलाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ, सरकार की नीतियों से हुए प्रभावित

**दुर्ग।** दुर्गग्रामीण विधानसभा विधायक ताम्रध्वज साहू की कार्यशैली व कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर ग्रामीण अंचल में लोगों का ब्लॉक महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पुष्पा साहू के नेतृत्व में महिलाओं का कांग्रेस प्रवेश जारी है। शुक्रवार को विधायक कार्यालय दुर्ग में ग्राम पंचायत झोला, ग्राम पंचायत अंजोरा ख की महिला समूहों की 30 से अधिक महिलाओं ने विधायक ताम्रध्वज साहू की कार्यशैली से खुश होकर कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र साहू,अध्यक्ष केश शिल्प बोर्ड नंदकुमार सेन, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, सदस्य श्रम कल्याण मंडल झुमुक लाल साहू, जनपद सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख, जनपद सदस्य रूपेश देशमुख, राकेश हिरवानी, जिला कांग्रेस सचिव जामवंत गजपाल, इंद्राणी साहू उपस्थित थे।

> विधायक ताम्रध्वज साहू की कार्यशैली व कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर ग्रामीण अंचल में लोगों का ब्लॉक महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पुष्पा साहू के नेतृत्व में महिलाओं का कांग्रेस प्रवेश जारी है।

इस अवसर मंत्री साहू ने सभी को पुष्प गुच्छ से स्वागत किया और कांग्रेस का गमछा भेंट कर स्वागत किया और सभी को मिठाई खिलाकर सभी का मुहं मीठा कराया गया मंत्री साहू ने कहा कि आप सभी का कांग्रेस परिवार में आप सभी का स्वागत है आप सभी के जुड़ने से समाजिक शक्ति एवं छत्तीसगढ़ को आगे ले जाने हेतु नए विचार कांग्रेस पार्टी को नई मज़बूती प्रदान करेगी।

# डॉ. रमन चुनाव लड़ेंगे या नहीं, तय नहीं कांग्रेस ने उनके क्षेत्र में किया सम्मेलन

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**भिलाई।** कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने छत्तीसगढ़ के आला नेताओं की मौजूदगी में आज राजनांदगांव के ठेकवा में भरोसे का सम्मेलन किया। खरगे इससे पहले जांजगीर क्षेत्र में भी ऐसा ही सम्मेलन कर चुके हैं। कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद यह तीसरा अवसर था, जब वे छत्तीसगढ़ के दौरे पर आए। छत्तीसगढ़ में चुनावी तैयारियों के बीच बड़ी बेसब्री से कांग्रेस उम्मीदवारों का इंतजार किया जा रहा है। खबर है कि यह इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। खरगे की मौजूदगी में आज सीनियर नेताओं की बैठक होने जा रही है। स्क्रीनिंग कमेटी की भी बैठक होगी। इसके लिए कमेटी के अजय माकन भी यहां मौजूद हैं। प्रत्याशी चयन समिति ने 31 सीटों पर सिंगल नाम पहले ही तय कर रखे हैं। इन्हीं नामों को फायनल टच दिया जाएगा। इसके बाद केन्द्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की दिल्ली में बैठक होगी और पहली सूची का ऐलान किया जाएगा।

जांजगीर के बाद खरगे राजनांदगांव में भरोसे का सम्मेलन करने जा रहे हैं। जांजगीर क्षेत्र में कांग्रेस को विगत चुनाव में अपेक्षाकृत कम सफलता मिली थी। यह एससी बाहुल्य क्षेत्र है। अब दूसरा सम्मेलन छत्तीसगढ़ के तीन बार मुख्यमंत्री रहे डॉ. रमन सिंह के क्षेत्र में आयोजित किया गया। यहां का डोंगरगढ़ क्षेत्र भी एससी बाहुल्य है और आसपास के कई अन्य क्षेत्र भी इससे प्रभावित है। भाजपा के भीतर यह चर्चा जोरों पर है कि इस बार पार्टी डॉ. रमन को विधानसभा का चुनाव नहीं लड़वाएगी। कहा जा रहा है कि उनकी जगह किसी युवा चेहरे को सामने किया जाएगा। डॉ. रमन को बाद में लोकसभा का चुनाव लड़ाया जाएगा। हालांकि यह सब कयासों में ही चल रहा है और फिलहाल पार्टी की ओर से इसकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। दिल्ली से लेकर रायपुर तक की चुनावी बैठकों में डॉ. रमन प्रमुखता से मौजूद रहते हैं। छत्तीसगढ़ में चुनाव की पूरी कमान गृहमंत्री अमित शाह के हाथों में है। उनकी बैठकों में भी डॉ. रमन को पर्याप्त तवज्जो मिली है। हालांकि इसके पीछे की एक वजह यह भी है कि डॉ. रमन पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।



### आज बैठेगी स्क्रीनिंग कमेटी

बीजेपी के बाद अब कांग्रेस भी छत्तीसगढ़ में अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी करने वाली है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, पार्टी ने 31 सीटों पर सिंगल नाम तय कर लिए हैं। इन नामों को स्क्रीनिंग कमेटी को भेज दिया गया है। शुक्रवार यानी 8 सितंबर को पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी इन नामों पर फैसला करेगी। माना जा रहा है कि राजनंदगांव में आयोजित भरोसे का सम्मेलन के बाद कांग्रेस अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर सकती है। इन 31 सीटों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और ताम्रध्वज साहू समेत सभी मंत्रियों और् स्पीकर के नाम शामिल हैं। इसके अलावा सीनियर विधायकों के भी नाम इस लिस्ट में शामिल है। ये भी कहा जा रहा है कि लिस्ट में पहली बार चुनकर आए विधायकों के नाम भी होंगे। गौरतलब है कि भाजपा ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की पहली सूची बीते 17 अगस्त को ही जारी कर दी थी। जिसमें कांकेर से आशाराम नेताम, प्रेमनगर से भूलन सिंह मरावी और कोरबा से लखनलाल देवांगन को उम्मीदवार बनाया गया है। पहली सूची में भाजपा ने दस अनुसूचित जनजाति और एक एससी के अलावा सांसद विजय बघेल पर भी भरोसा जताया है।

### 5 सीटों पर आए थे सिंगल नाम

कांग्रेस ने जब ब्लाक स्तर पर टिकट की कवायद शुरू की तो छत्तीसगढ़ कुल 90 में से 5 सीटों पर सिंगल नाम सामने आए थे। इनमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पाटन सीट के अलावा भरतपुर-सोनहत, खरसिया, कोंटा और सीतापुर की सीटें शामिल थीं। राज्य में सबसे ज्यादा आवेदन डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव की अंबिकापुर सीट से आए थे। हालांकि सिंहदेव का नाम पहली सूची के लिए फायनल हो गया है। यहां से कुल 100 लोगों ने टिकट की दावेदारी की थी। इसके अलावा पार्टी ने पहले ही तय किया था कि किसी भी मंत्री की टिकट नहीं काटी जाएगी। इसलिए टिकट की पहली सूची में 13 और नाम शामिल हो जाते हैं। कई सीनियर विधायकों के नाम भी टिकट के लिए अंतिम माने जा रहे हैं। टिकट को लेकर कांग्रेस में इस बार बेहद उत्साह नजर आया है। शायद इसीलिए सीनियर नेताओं की सीटों पर भी छात्र संगठन एनएसयूआई से लेकर युवा संगठन के पदाधिकारियों ने दावेदारी ठोंकी है।

## भाजपा-जेडीएस के बीच बड़ा समझौता लोकसभा चुनाव के लिए बनी सहमति

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कर्नाटक में भाजपा और जनता दल (सेक्युलर) के बीच बड़े समझौते की खबर सामने आ रही है। पार्टी के नेता और कर्नाटक के पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा ने एलान किया है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए जेडीएस को चार सीटें देने पर सहमति जता दी है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने इशके लिए हामी भर दी है। गौरतलब है कि जेडीएस के विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक से दूर रहने के बाद ही यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि यह पार्टी लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के साथ जा सकती है।

## डोनाल्ड ट्रंप के मेहमान बने धोनी, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ने माही के साथ खेला गोल्फ




**स्पोर्ट्स डेस्क/नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के महान कप्तानों में से एक महेंद्र सिंह धोनी के प्रशंसक भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में हैं। धोनी ने क्रिकेट में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। वह वनडे विश्व कप, टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाले इकलौते कप्तान हैं। ऐसा नहीं है कि धोनी को सिर्फक्रिकेट से प्यार है। उन्हें इस खेल के अलावा कई अन्य खेल भी पसंद हैं। धोनी का पहला प्यार फुटबॉल है। इसके अलावा वह टेनिस और गोल्फ खेलने का भी मौका नहीं छोड़ते। चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान हाल ही में यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कार्लोस अल्काराज का मैच देखने पहुंचे थे। अब उनकी एक तस्वीर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ वायरल हो रही है।

### धोनी के करीबी ने शेयर की तस्वीर

धोनी के करीबी और व्यवसायी हितेश सांघवी ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा, धोनी, डोनाल्ड ट्रंप और राजीव नैक के साथ गोल्फ। हमारी मेजबानी के लिए धन्यवाद पूर्व राष्ट्रपति महोदय।

### धोनी और ट्रंप ने साथ खेला गोल्फ

अपनी एक इंस्टाग्राम स्टोरी में सांघवी ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें धोनी और ट्रंप दोनों को एक साथ गोल्फखेलते देखा गया। दुबई स्थित व्यवसायी सांघवी एमएस धोनी के साथ थे और उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भारत के पूर्व कप्तान के साथ कई तस्वीरें साझा की हैं।

दरअसल, धोनी इन दिनों अमेरिका में हैं। उन्होंने यूएस ओपन मैच देखने के अलावा गोल्फ का भी आनंद लिया। इस दौरान धोनी के साथ पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप भी नजर आए। दोनों की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। भारत के पूर्व कप्तान को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रंप नेशनल गोल्फक्लब बेडमिंस्टर में गोल्फ खेलने के लिए बुलाया था।

विधायक देवेन्द्र ने लगाए विजय बघेल पर गंभीर आरोप, कहा-

# टंकी ढहने के जिम्मेदार हैं सांसद, अब तक नहीं ली सुध

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। टाउनशिप में 5 सितंबर की सुबह सेक्टर-4 में पानी की टंकी ढहने के मामले में भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने सांसद विजय बघेल की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाएं हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर टंकी ढहने से लोगों के सामने पानी का संकट पैदा हो गया और दूसरी ओर लोगों की सेवा करने के बजाय सांसद सफ़ाई कर फ़ोटो खिंचवा रहे हैं। जबकि घटना दिनांक से ही नगर निगम द्वारा अपनी नैतिक जिम्मेदारी मानकर लोगों को साफपानी पहुंचाने का काम किया जा रहा है। सांसद विजय बघेल सेल बोर्ड के सदस्य होने के बाद भी बीएसपी टाउनशिप की किसी भी समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे हैं।

विधायक देवेन्द्र यादव ने शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता के जरिए कहा टाउनशिप में 5 सितंबर को जो हादसा हुआ है वह काफी बड़ा है। भगवान की कृपा रही कि इस हादसे में जनहानि नहीं हुई लेकिन इस घटना के बाद एक जनप्रतिनिधि होने के नाते सांसद विजय बघेल ने यहां की जनता को ठगने का काम किया। 10 मिनट के लिए मौके पर पहुंचे झाड़ू थामा और फोटो खिंचवाकर चले गए। टंकियों के गिरने के बाद जिनके पास पानी नहीं उनके लिए कुछ नहीं किया। उल्टे नगर निगम पर आरोप प्रत्यारोप कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि हादसे के बाद हमने किसी पर दोषारोपण नहीं किया और सीधे काम पर लग गए।




### बीएसपी प्रबंधन के साथ सांसद भी जिम्मेदार

भिलाई टाउनशिप की इस स्थिति के लिए जितना बीएसपी प्रबंधन जिम्मेदार हैं, उससे कहीं ज्यादा स्थानीय सांसद विजय बघेल जी को जिम्मेदार माना जाना चाहिए। क्योंकि बीएसपी केन्द्र सरकार के अधीन उपक्रम हैं, और सांसद बघेल केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि हैं, साथ ही इस्पात मंत्रालय की सलाहकार समिति के सदस्य भी हैं। सांसद बघेल ने आज तक टाउनशिप की समस्याओं के निराकरण के लिए कोई पहल नहीं की और ना ही इस दिशा में कोई कदम उठाया। यदि सांसद जी की मंशा जनहीत की होती तो जनता के हित में प्रबंधन को निर्देशित करते और टाउनशिप के रहने वाले हजारों परिवार समस्याओं से ना जूझ रहें होते ना ही आज जो पानी का संकट उत्पन्न हुआ वो भी होता ।

### पानी की कमी नहीं होने देंगे

विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा टाउनशिप की लगातार उपेक्षा के कारण 3 दिन पहले पेयजल टंकी ढ़ह गई। इसी तरह अन्य सेक्टरों की जर्जर हो चुकी पानी की टंकियां उपयोग योग्य नहीं है। इसके कारण 15000 परिवारों के सामने पेयजल संकट की स्थिति है। निगम यदि कोई भी काम करना चाहता है कि बीएसपी में अड़ंगा लगा देता है। विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि भले ही कितनी बड़ी समस्या हो टाउनशिन में पानी की कमी नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा के पिछले तीन दिनों से सेक्टर-4 क्षेत्र में पानी सप्लाई की जा रही है।

### प्रभावित क्षेत्रों में वाटर एटीएम व आरओ प्लांट

प्रेस वार्ता के दौरान महापौर नीरज पाल ने बताया कि टंकी ढहने के बाद प्रभावित क्षेत्रों में लगातार काम किया जा रहा है। सेक्टर-3 व 4 क्षेत्र में पुराने बोर रीचार्ज किए जा रहे हैं। आरओ प्लांट व वाटर एटीएम लगाए जा रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र सेक्टर -4 में 41 टैंकरों की मदद पानी पहुंचाया जा रहा है। इसके साथ ही सभी घरों में 20-20 लीटर का शुद्ध पेयजल जार के जरिए भी भेजा जा रहा है। आने वाले समय का भी रोडमैप तैयार है। महापौर नीरज पाल ने कहा है कि वर्तमान में लगभग 15000 परिवारों के समक्ष जो पीने के पानी और निस्तारी के पानी की जो समस्या उत्पन्न हो गई हैं, उसके निरकरण के लिए सभी प्रभावित क्षेत्रों में बोरिंग, वाटर एटीएम और टेंकरों के माध्यम से निरन्तर राहत प्रदान की जायेगा।

### सेल बोर्ड के अध्यक्ष, फिर भी कोई काम नहीं

विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि दुर्ग के सांसद विजय बघेल वर्तमान में सेल बोर्ड के सदस्य हैं इसके बाद भी उन्होंने कुछ नहीं किया। टाउनशिप में कई टंकिया जर्जर हैं उसकी सुध भी नहीं ले रहे। विधायक ने कहा कि एक दिन पहले सेक्टर-1 व सेक्टर-5 की टंकियों में सपानी सप्लाई रोक दी गई लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था के नाम पर सांसद ने कुछ नहीं किया। नगर निगम लगातार बैकअप लेकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सांसद विजय बघेल ने इन साढ़े चार सालों में भिलाई के विकास के लिए संसद में क्या किया यह सभी जानते हैं। एक भी ऐसा कार्य नहीं है जिसके संबंध में बताया जा सके कि यह भिलाई के हित में है।

## हनी ट्रैप में उलझे आईपीएस के आईएएस पति

श्रीकंचनपथ




छत्तीसगढ़ कैडर के एक आईएएस अफ़सर कथित 'हनी-ट्रैप' में उलझ गए हैं. उनकी एक पुरानी मित्र ने उनके खिलाफप्यार में धोखा देने की एफ़आईआर दर्ज कराई है। अफसर ने भी काउंटर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह उसे ब्लैकमेल कर रही है। अफसर ने हाल ही में एक आईपीएस अफसर से आदर्श विवाह किया है। मामले में कौन सही है और कौन गलत, इसका खुलासा तो विवेचना के बाद ही होगा पर फिलहाल यह मामला चर्चा का विषय जरूर बना हुआ है। आईएएस अफसर पर आरोप लगाने वाली महिला तलाकशुदा है। वह विवाह करने या फिर 1.5 करोड़ रुपए देने के लिए दबाव बना रही है। वह उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दे रही है। दरअसल, यह कोई 'हनी ट्रैप' का मामला नहीं है। हद से हद इसे 'सेक्सटॉर्शन' का केस माना जा सकता है। इसमें महिलाएं लोगों को अपने करीब आने देती हैं, उनके साथ तस्वीरें खिंचवाती हैं, फ्लर्ट करती हैं, फ़ोन पर गंदी बातें करके उसे टेप करती हैं और बाद में इन सबूतों के आधार पर उसे ब्लैकमेल करती हैं। इस तरह के मामले पिछले कुछ दशकों में बहुत तेजी से बढ़े हैं। सोशल मीडिया ने इस आग में घी डालने का काम किया है। 'हनी-ट्रैप' में खूबसूरत महिलाओं का इस्तेमाल जाल बिछाने के लिए किया जाता है। जासूसी में इन महिलाओं के जरिए उन लोगों से सम्पर्क स्थापित किया जाता है जिनके पास महत्वपूर्ण सूचनाएं हो सकती हैं या फिर जिनका इस्तेमाल करके अपना उल्लू सीधा किया जा सकता है। इतिहास में मार्गरेटा गीर्टुइडा मैकलियोड का नाम प्रसिद्ध हुआ है। उन्हें 'माता हारी' के नाम से बेहतर जाना जाता है। उनकी खूबसूरती और शोहरत का इस्तेमाल फ्रांस और जर्मनी दोनों देशों ने किया और फिर डबल एजेंट होने के आरोप में उन्हें मृत्युदंड दे दिया गया। पामेला बोर्डेस भी 'हनी ट्रैप' का हिस्सा थी। भारत में 'हनी ट्रैप' का इतिहास वैदिक कालों तक जाता है। जब क्रोध में ऋषि विश्वामित्र ने एक नए दिव्य स्वर्गलोक का निर्माण प्रारंभ कर दिया तो देवराज इंद्र घबरा गए। उन्होंने विश्वामित्र की तपस्या भंग करने के लिए अपनी सबसे सुन्दर अप्सरा मेनका को भेज दिया। पर आधुनिक नारी जागरूक और सशक्त है। वह अपनी क्षमताओं का उपयोग स्वयं अपने लिए करना भी खूब जानती है। वह चाहे तो चुटकियों में किसी का भी करियर तबाह कर सकती है। पिछले दो दशकों में ऐसे मामले तेजी से बढ़े हैं जहां कथित प्रेमिकाओं ने अपने बॉयफ्रेंड से तगड़ी रकम वसूली और फिर अपने ओरिजिनल बॉयफ्रेंड से ब्याह रचा लिया। ऐसे भी मामले सामने आए हैं जहां युवतियां विवाह के तुरन्त बाद जेवर नगदी लेकर फरार हो गई हैं। शमा परवाने का यह रिश्ता जितना दिलचस्प है, उतना ही खतरनाक भी। शायर जिगर मुरादाबादी ने खूब लिखा है - 'ये इश्क नहीं आसां, बस इतना समझ लीजिए, इक आग का दरिया है और डूब के जाना है।'









# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### अनुराग कांग्रेस आईटी, सोशल मीडिया सेल को - कॉर्डिनेटर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद दीपक बैज के निर्देश पर प्रदेश महासचिव संगठन एवं प्रशासन मलकीत सिंह गैदू ने तेजतर्रार युवा नेता अनुराग महतो को प्रदेश कांग्रेस आईटी सेल व सोशल मीडिया सेल का को कॉर्डिनेटर नियुक्त किया है। अनुराग महतो कांग्रेस आईटी एवं मीडिया सेल के अध्यक्ष जयवर्धन बिस्सा को सहयोग करेंगे। अनुराग महतो की इस नियुक्ति के चुनावी मायने हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद दीपक बैज के साथ वर्षों काम करते हुए इन्होंने कांग्रेस की रीति नीति को बारीकी से सीखा है और अब इसका उपयोग आगामी चुनाव में तेज गति से समाचार सम्प्रेषण में होगा। बस्तर ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में युवा वर्ग में इनका अच्छा नेटवर्क है। इसका प्रभाव अब इन्हें सौंपी गई इस नई जिम्मेदारी में दिखेगा। युवाओं का कहना है कि बस्तर सांसद दीपक बैज ने पीसीसी की कमान संभालने के बाद युवाओं को अहम जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने अनुभवी नेताओं को सम्मान देने के साथ साथ युवा नेतृत्व को आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया है ताकि युवा पीढ़ी को कांग्रेस के विचारों से जोड़ा जा सके। आज के दौर में सोशल मीडिया और आईटी सेल राजनीतिक पार्टियों के लिए सबसे अहम विचार सम्प्रेषण माध्यम है। इसकी उपयोगिता का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है। कांग्रेस के आईटी सेल ने पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक सफ्लता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कांग्रेस आईटी सेल के सामने प्रतिद्वंद्वी आईटी सेल ध्वस्त हो गया था। कांग्रेस अब अपना रिकॉर्ड तोड़ने 75 प्लस का लक्ष्य लेकर मैदान में है तो इस बार आईटी, सोशल मीडिया सेल की जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ गई है। इसलिए इस विधा के विशेषज्ञ युवा अनुराग महतो को कांग्रेस अध्यक्ष ने यह नई जिम्मेदारी दी है। युवाओं का कहना है कि अनुराग काबिल युवा नेता हैं। उनकी कार्यकुशलता का लाभ कांग्रेस को मिलेगा।

### संसदीय सचिव की पहल पर जामली में उचित मूल्य दुकान की मिली सुविधा

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत झालखम्हरिया के आश्रित ग्राम जामली में हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकान की सुविधा मिलने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की पहल पर ग्राम जामली में सप्ताह में दो दिन हितग्राहियों को राशन सामान मिल सकेगा। जिस पर ग्रामीणों ने संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर का आभार जताया है। गौरतलब है कि ग्राम जामली के ग्रामीणों ने संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर से राशन सामान के लिए हो रही दिक्कतों से अवगत कराया था। ग्रामीणों ने बताया था कि उन्हें राशन सामान के लिए करीब साढ़े पांच किमी दूर ग्राम झालखम्हरिया जाना पड़ता है जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में तो और ज्यादा परेशानी होती है। लिहाजा ग्राम जामली में उचित मूल्य की दुकान की उचित व्यवस्था की जाए। जिस पर संसदीय सचिव चंद्राकर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा की। बाद इसके ग्राम जामली में उचित मूल्य दुकान के भंडारण व वितरण को लेकर निर्णय लिया गया। सप्ताह में दो दिन ग्राम जामली के रिक्त सामाजिक भवन में उचित मूल्य दुकान के भंडारण व वितरण की अनुमति प्रदान की गई है। बहुप्रतिक्षित मांग पूरा होने पर सोसाइटी अध्यक्ष परमेश्वर साहू, उपदेश साहू, अश्वनी साहू, तोरण साहू, यशवंत साहू, तुका दीवान, टेकराम यादव, सोहन साहू आदि ने संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर का आभार जताया है।

राम वनगमन पर्यटन पथ में शामिल रामगढ़ में श्री राम वाटिका एवं अधोसंरचना विकास कार्यों का लोकार्पण

# राममय हुआ रामगढ़, भगवान श्रीराम की 25 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी राम वनगमन पर्यटन परिपथ में शामिल सरगुजा का रामगढ़ आज से भगवान श्रीराम को समर्पित हुआ। उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने रामगढ़ में भगवान श्री राम की 25 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने इसके साथ ही श्री राम वाटिका, राम वनगमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत छह करोड़ 76 लाख रुपए की लागत के टूरिस्ट इनफॉर्मेशन सेंटर, पब्लिक अप्रोच रोड डेव्हलपमेंट, कॉटेज व डॉरमेट्री सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री सिंहदेव ने इस मौके पर वहां श्री राम वाटिका में 'सप्तसुर' का पौधा रोपित किया।



उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने लोकार्पण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़, खासकर सरगुजा संभाग प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण है। राम वनगमन पर्यटन परिपथ की परिकल्पना के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए सिंहदेव ने कहा कि बेहतर राज्य और जन हित के लिए हमारी जो परिकल्पना थी, उसमें रोजगार और विकास के अवसर के साथ ही पर्यटन में रोजगार के अवसर निकालने पर भी विचार किया गया जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। आज भगवान राम की प्रतिमा को देख कर हम उनका स्मरण कर रहे हैं। प्रयास है कि जल्द ही यहां दरबार का स्वरूप भी दें।

श्री सिंहदेव ने कहा कि पूरे क्षेत्र में रामायण से जुड़ी कथाएं प्रचलित हैं। बाहर के पर्यटकों को भी यहां लाया जा सके, इसके लिए निरंतर सुगम आवागमन तैयार किया जा रहा है। शुभ अवसर पर काम करें तो निश्चित सफ्लता प्राप्त होगी। राम जी यहां स्थापित हो गए हैं, अब उनकी कृपा से सरगुजा को एक नई पहचान मिलेगी। सरगुजा में सीताबेंगरा, सीता चूल्हा सहित अनेक ऐतिहासिक व आस्था केंद्र हैं। इनके विकास के लिए लगातार हमारी सरकार काम कर रही है। अब रामगढ़ पहाड़ी में जाना आसान हो गया है। सरकार ने बुनियादी जरूरतों को पूरा कर सुविधाएं भी बढ़ाई हैं। खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने कार्यक्रम में कहा कि भगवान श्रीराम के 14 बरस के वनवास काल के दौरान रामगढ़ में उनके चरण कमल पड़े, जो पूरे सरगुजा के लिए सौभाग्य की बात है। रामायण के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अपने वनवास के दौरान प्रभु श्री राम का आदिवासी जनों से करीबी संबंध रहा। भारत सहित पूरे विश्व में माता कौशल्या मन्दिर कहीं बना है तो वह छत्तीसगढ़ के चंदखुरी में है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी राम वनगमन पर्यटन परिपथ योजना ने छत्तीसगढ़ को धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन के मानचित्र में अमिट पहचान दी है।

लुण्ड्रा के विधायक डॉ. प्रीतम राम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पावन स्थली रामगढ़ में आज विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया गया है। राम वनगमन पथ शासन की महत्वाकांक्षी योजना है जो सरगुजा में पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि सरगुजा में आवागमन की सुविधाओं को निरंतर विस्तार दिया जा रहा है जिससे पर्यटक आसानी से यहां पहुंच सके और सरगुजा की सुंदरता को करीब से देख सकें। छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि सरगुजा बहुत सुंदर जगह है।

पर्यटन की दिशा में हम लोग लगातार काम कर रहे हैं ताकि यहां के सांस्कृतिक, धार्मिक व पर्यटन स्थल को जानने, देखने के लिए देश-विदेश के लोग आएं। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार ने आदिवासियों की बेहतरी के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। इसी कड़ी में भगवान श्रीराम के पदचिन्हों को सँवारने का काम किया जा रहा है। इसे सीतामढ़ी से सुकमा तक राम वनगमन पर्यटन परिपथ के रूप में विकसित किया जा रहा है।

श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष शफी अहमद, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की उपाध्यक्ष चित्ररेखा साहू, छत्तीसगढ़ खाद्य आपूर्ति एवं संरक्षण आयोग के सदस्य अभिषेक सिंह, छत्तीसगढ़ महिला आयोग की सदस्य श्रीमती रीता विश्वकर्मा, राज्य कृषक कल्याण परिषद के सदस्य संजय गुप्ता, कलेक्टर कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा सहित अनेक स्थानीय जन प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और अधिकारी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में मौजूद थे।

# मितानिन दीदियां घर तक पहुंचकर दे रही हैं स्वास्थ्य सुविधाएं: मंत्री अकबर



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर आज कवर्धा के वीर सावरकर भवन में राजीव युवा मितान क्लब वार्ड 07-08 द्वारा आयोजित मितानीन सम्मान समारोह में शामिल हुए। मंत्री अकबर ने स्वास्थ्य सेवाओं की पहली पंक्ति में कार्य करने वाली मितानिनों का शाल, श्रीफ्ल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित और राज्य गीत के साथ किया गया। मंत्री श्री अकबर ने सभी मितानिन दीदियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

मंत्री श्री अकबर ने मितानिन दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग राज्य सरकार और आम जन समुदाय के बीच की कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। इसकी शुरुआत प्रदेश में 2002 में की गई थी और लगातार इसका विकास हुआ है। जहां स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी नहीं पहुंच पाते है, वहां मितानिन दीदियां पहुंचकर सेवा कार्य करती हैं, यह सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए मितानिन बहनों के योगदान को देखते हुए उन्हें दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के अतिरिक्त राज्य मद से 2200 रूपए प्रतिमाह मानदेय देने की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि मितानिन दीदियां समय पर जाकर लोगों की सहायता करती हैं और आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराती हैं। उन्होंने कहा कि दीदियों की जितनी तारीफऔर सराहना की जाए वह कम है। वे सदैव कार्य के लिए तत्पर रहती हैं और लोगों की सहायता भी करती हैं। उन्होंने कहा कि बोड़ला, कवर्धा और सहसपुर लोहारा में मितानिन भवन के लिए स्वीकृति दी गई है। मितानिन सम्मान समारोह के आयोजन की सराहना की है। मितान क्लब वार्ड 08 के अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत कर, मितानिन दीदियों द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की। इस अवसर पर क्रेडा के सदस्य कन्हैया अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री जमील खान, पार्षद मोहित महेश्वरी, हेमन्त ठाकुर, दिलेश्वर ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, मितानिन दीदियां उपस्थित थीं।

# राज्यपाल शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुए निशा सिंह और दिनेश साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के राजभवन में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में राज्यपाल माननीय विश्व भूषण हरिचंदन, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे एवं स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला की उपस्थिति में माननीय राज्यपाल के हाथों शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करवा में व्याख्याता के पद पर पदस्थ निशा सिंह व शासकीय प्राथमिक शाला बरपारा में पदस्थ प्रधान पाठक दिनेश साहू को राज्य शिक्षक सम्मान 2022 से सम्मानित किया गया। निशा सिंह को निर्धन विद्यार्थियों की विद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षा पुस्तकों की आवश्यकता को पूर्ण करने हेतु शून्य निवेश आधारित बुक बैंक का निर्माण करने, पर्यावरण सुरक्षा के लिए छात्रों में जागरूकता, विद्यालय में कम लागत में पेपर रीसाइकलिंग मशीन एवं प्लास्टिक डिस्पोजल मशीन निर्माण, निशुल्क कैरियर गाइडेंस, अर्थशास्त्र विषय की जटिलता को दूर करने वेबसाइट वीडियो निर्माण कर छात्रों को आईसीटी से जोड़ने का प्रयास, जनजातीय जड़ी बूटियों और औषधीयों से परिचित कराने के लिए विद्यालय में जैविक उद्यान का निर्माण कार्य आदि के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है। निशा सिंह के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्रों ने लगातार 5 वर्षों तक राज्य स्तर पर परियोजनाओं का सफ्ल प्रदर्शन कर चुके हैं। निशा सिंह को उत्कृष्ट कार्य हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम में उत्कृष्ट शिक्षिका उद्घोषिका महिला सम्मान, मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षा सम्मान से भी नवाजा जा चुका है ।

जिले के भैयाथान विकासखंड में स्थित प्राथमिक शाला बरपारा में प्रधान पाठक दिनेश साहू इससे पूर्व प्राथमिक शाला सुंदरगंज में पदस्थ थे, जहां उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न उल्लेखनीय क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया है ।दिनेश साहू खेल में विशेष रूचि रखते हैं, वे वॉलीबॉल के राष्ट्रीय रेफ्री भी हैं। उनका मानना है कि अगर शरीर स्वस्थ रहेगा तभी मन स्वस्थ हो पाएगा। इसलिए उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ खेल का भी निशुल्क प्रशिक्षण देते आ रहे हैं।

# हरे-भरे वृक्षों के रूप में आकार ले रहे कृष्ण कुंज

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के नगरीय निकायों में कृष्ण कुंज का विकास कर रही है। मात्र एक वर्ष में ही इन कृष्ण कुंजों ने हरे-भरे वृक्षों के रूप में अपना आकार लेना शुरू कर दिया है। योजना के तहत प्रदेश में 169 नगरीय निकायों में लगभग 224 एकड़ रकबा में लगभग 60 हजार पौधों का रोपण किया गया हैं।




उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पिछले वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राजधानी रायपुर के तेलीबांधा स्थित कृष्ण कुंज में स्वयं वृक्षारोपण कर कृष्ण कुंज की महत्वाकांक्षी योजना की पूरे प्रदेश में शुरूआत की थी। इसी दिन प्रदेश के नगरीय निकायों में बनाए गए कृष्ण कुंज में जनभागीदारी से वृक्षारोपण किया गया था। इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज जन्माष्टमी के अवसर पर वन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में राज्य भर के वन मण्डलों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के कृष्ण कुंजों में कार्यक्रम का आयोजन कर पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के तहत वन मण्डल बीजापुर द्वारा कृष्ण कुंज में ''मटकी फोड़'' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

साथ ही इस दौरान वहां बच्चों और उपस्थित लोगों को कृष्ण कुंज में लगाए गए धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के पौधों के बारे में जानकारी दी गई।

इसी तरह कृष्ण कुंज बालोद में आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने जोर-शोर के साथ भाग लिया। इसके अलावा रायगढ़, बलौदाबाजार तथा पेण्ड्रा आदि वन मण्डलों में भी पर्यावरण जागरूकता संबंधी विविध कार्यक्रमों का आयोजन कृष्ण कुंजों में किया गया।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप कृष्ण कुंज में वृक्षारोपण से जन-जन को जोड़ना और सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के वृक्षों के रोपण करने का कार्य किया जा रहा है। जहां पर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने वाले और भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन देने वाले चंदन, रूद्राक्ष, बरगद, पीपल, कदम्ब जैसे वृक्षों का रोपण शामिल है। कृष्ण कुंज में आम, ईमली, बेर, गंगा ईमली, जामुन, शहतुत, तेंदू, चिरौंजी, अनार, कैथा, नीम, पलाश, बेल, आंवला जैसे फ्लदार वृक्ष भी लगाएं जा रहे हैं।

# मोदी सरकार यात्री रेल सुविधा को समाप्त करने की साजिश रच रही - कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** केंद्र की मोदी सरकार, देश की सबसे विश्वसनीय यात्री रेल सुविधा को समाप्त करने का साजिश रच रही है। वर्षों से भारतीय रेल आम जनता का भरोसेमंद, सस्ता और सुलभ परिवहन का पर्याय हुआ करता था, जिसे मोदी सरकार ने रेलवे की विश्वसनीयता को खत्म करते हुये निजी हाथों में बेचने का षड़यंत्र कर रही है और आये दिन ट्रेनों के परिचालन को निरस्त कर रही है। वर्तमान में 24 ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया गया है जिससे छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों को सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने गंभीरता से लेते हुए राज्य के आम जनता की इस लड़ाई को चरणबद्ध रूप से आंदोलन के माध्यम से लड़ने का निर्णय लिया है- 09 सितंबर 2023 को प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में पत्रकारवार्ता कर ज्ञापन सौपा जाएगा जिसके लिये प्रभारी नियुक्त किया है। 10, 11 और 12 सितंबर को पाम्पलेट-पोस्टर वितरण एवं चस्पा कार्यक्रम। 13 सितंबर को प्रदेश के समस्त रेलवे स्टेशनों पर रेल रोको आंदोलन किया जायेगा, जहां पर रेलवे स्टेशन नहीं है वहां पर स्थानीय जिला प्रशासन के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 9 सितंबर को ट्रेनों के परिचालन बंद किये जाने के विरोध में जिला स्तरीय पत्रकार वार्ता जिला प्रभारी नेता अरुण वोरा रायपुर में, आर.पी. सिंह बलौदाबाजार में, शैलेश नितिन त्रिवेदी गरियाबंद में, नितिन भंसाली महासमुंद में, ज्ञानेश शर्मा धमतरी में, किरणमयी नायक बालोद में, गिरीश देवांगन दुर्ग में, नीता लोधी बेमेतरा में, चंद्रशेखर शुक्ला राजनांदगांव में, जितेन्द्र मुदलियार मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में, श्रीकुमार मेनन खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में, रूपेश दुबे कवर्धा में, शिशुपाल सोरी बस्तर-जगदलपुर में, विमल सुराना सुकमा में, चंदन कश्यप नारायणपुर में, एम.आर. निषाद और हेमंत ध्रुव कोण्डागांव में, प्रवीण डोंगरे और जावेद खान बीजापुर में, शिल्पा देवांगन कांकेर में, करण सिंह देव दंतेवाड़ा में, राजेन्द्र तिवारी बिलासपुर में, अटल श्रीवास्तव गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में, वंदना राजपूत मुंगेली में, लालजीत सिंह राठिया कोरबा में, प्रमोद नायक जांजगीर-चांपा में, सुभाष धुप्पड़ और संजय देवांगन सक्ति में, अभयनारायण राय रायगढ़ में, सुरेंद्र शर्मा बिलाईगढ़-सारंगढ़ में, भानुप्रताप सिंह जशपुर में, खेलसाय सिंह सरगुजा में, बालकृष्ण पाठक सूरजपुर में, सफी अहमद बलरामपुर में, जे.पी. श्रीवास्तव कोरिया में, गुरप्रीत बाम्बरा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे।


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### छत्तीसगढ़ में भारी बारिश के आसार: मौसम विभाग

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ में इस वर्ष बारिश काफी पिछड़ी हुई है और इसका असर धान की फसल के साथ जलाशयों पर भी पड़ा है। गंगेरल बांध में अभी तक केवल साढ़े 18 टीएमसी जलभराव है। यह काफी कम बताया जा रहा है। इसके साथ ही मरूमसिल्ली में डेढ़ टीएमसी, दुधावा में साढ़े छह टीएमसी और सोंढूर में सवा तीन टीएमसी जलभराव है।

हालांकि मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश में मानसून अब सक्रिय हो गया है और आने वाले दो दिनों में प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में भारी से अति भारी वर्षा भी हो सकती है। मौसम में ठंडकता बनी रहेगी और उमस से लोगों को राहत रहेगी।

### छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदला

वहीं दूसरी ओर कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि भले ही बारिश की स्थिति थोड़ी पिछड़ी हुई है, लेकिन धान की फसल के लिए पर्याप्त पानी है। फसल केवल उन्हीं क्षेत्रों में प्रभावित होगी, जहां काफी कम बारिश हुई है। आने वाले कुछ दिनों तक तो मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहने की संभावना है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में एक जून से लेकर सात सितंबर तक 810.2 मिमी वर्षा हुई है,जबकि सामान्य रूप से 999.5मिमी बारिश होनी चाहिए थी। इस प्रकार प्रदेश में 19 फीसद कम बारिश हुई है। बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1398.1 मिमी बारिश हुई है,जो सामान्य से 19 फीसद ज्यादा है। साथ ही सरगुजा में सबसे कम बारिश 417.7 मिमी हुई है,जो सामान्यसे 61 फीसद कम है।

# ऐतिहासिक नगरी सिरपुर की प्रसिद्धि को मिल रही अंतर्राष्ट्रीय पहचानः मंत्री अकबर

## सिरपुर में विश्व संगीति कार्यक्रम का वनमंत्री ने किया शुभारंभ, सिरपुर पहुंचे देश-विदेश के अतिथि एवं वक्ता





श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पुरातात्विक स्मारकों, समृद्ध परम्परा, सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय विश्व संगीति कार्यक्रम का शुभारम्भ 7 सितम्बर को वन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागार्जुन फाउंडेशन सिरपुर के अध्यक्ष पूज्य भदन्त आर्य नागार्जुन सुरेई ससाई एवं कल्चरल सेंटर ऑफ एच. एच. दलाई लामा तिब्बत हाउस के डायरेक्टर गेशे दोरजी दामदुल ने किया। सी एस आई डी के अध्यक्ष नंदकुमार साय, पुरातत्वविद, नागपुर महाराष्ट्र लेखक डॉ. सत्यजीत चन्द्रिकापुरे, ट्रेव्हल एंड टूरिज्म विभाग महाराष्ट्र डायरेक्टर डॉ. प्रियदर्शी एम. खोब्रागड़े के विशिष्ट आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अतिथियों का सिरपुर विकास प्रधिकरण के अध्यक्ष सतीश जग्गी ने स्वागत किया।


विश्व संगीति कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि सिरपुर एक ऐतिहासिक पुरातात्विक नगरी है। यहां विश्व संगीति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन से सिरपुर की प्रसिद्धि देश-विदेश तक जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां बौद्ध समाज के अनुयायी उपस्थित है, उनका स्वागत है। उन्होंने कहा कि सिरपुर के विकास के लिए सिरपुर विकास प्राधिकरण के माध्यम से पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है। इससे क्षेत्र के विकास और पर्यटन के मानचित्र में सिरपुर का नाम दर्ज होगा। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण के माध्यम से सिरपुर के विकास को पुनर्जीवित करने का कार्य हमारी सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक नगरी सिरपुर सहित क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव पहल की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि यह वनक्षेत्र है इसलिए ग्राम सभा के प्रस्ताव पर सामुदायिक विकास के लिए एक हेक्टेयर जमीन दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत 17 ग्राम पंचायत के 34 ग्राम शामिल है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे दिन 8 सितम्बर को राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे के मुख्य आतिथ्य में तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में व दीपक बैज सांसद तथा श्यामजी चौहान निज मंदिर खाटूजी राजस्थान के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम के तृतीय दिवस समारोह का समापन होगा।

### सिरपुर हमारे प्राचीन इतिहास का प्रतिबिंब है

कार्यक्रम में सीएसआईडी के अध्यक्ष नंद कुमार साय ने कहा कि सिरपुर हमारे प्राचीन इतिहास का प्रतिबिंब है। सिरपुर के तट पर ही ऐतिहासिक वैभव और संस्कृति का पूरा संसार है। कई साल पहले से ही दुनिया भर के लोग यहां आते जाते रहे हैं। आज श्रीपुर का वैभव देश-दुनिया में चमक रहा है। कार्यक्रम में सिरपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश जग्गी ने कहा कि यह कार्यक्रम सिरपुर के ऐतिहासिक महत्व को देश-दुनिया तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण आयोजन है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सिरपुर के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। हम सिरपुर को वर्ल्ड हेरिटेज की ओर मान्यता दिलाने में आगे बढ़ रहे हैं। इस दौरान संगीति कार्यक्रम में अंचल सहित देश के विभिन्न स्थानो से अतिथि लोग पहुंचे हैं। कार्यक्रम 9 सितंबर तक जारी रहेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी बधाई



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 8 सितम्बर अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री बघेल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि अक्षर ज्ञान वह पहला द्वार है, जहां से ज्ञान के अनंत रास्ते खुलते हैं। साक्षरता से शिक्षा और शिक्षा से विकास का सीधा संबंध है। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस अक्षरों की अलख जगाने का दिन है, अक्षर ज्ञान की महत्ता बताने का दिन है। यह अक्षर ज्ञान के प्रकाश से समाज में सुख और समृद्धि फैलाने के संकल्प लेने का दिन है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि साक्षरता के लिए व्यक्तिगत रूचि और सामूहिक प्रयासों की बड़ी आवश्यकता है। व्यापक जनभागीदारी से यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि साक्षर समाज, समानता, शांति और विकास का मूल आधार है। सन् 1966 में यूनेस्को ने 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। इस वर्ष का अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस दुनिया भर में 'संक्रमण में दुनिया के लिए साक्षरता को बढ़ावा देना टिकाऊ और शांतिपूर्ण समाजों की नींव का निर्माण' विषय के तहत मनाया जाएगा। वर्ष 2022-27 के लिए न्यू इंडिया लिट्रेसी प्रोग्राम नामक एक नई योजना को मंजूरी दी गई है। अब देश में प्रौढ़ शिक्षा शब्द को सभी के लिए शिक्षा'' के रूप में बदल दिया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की शुरूआत की गई है, जो पांच वर्षों तक संचालित किया जाएगा। इसमें बुनियादी साक्षरता और अंक ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल जैसे डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, विधिक साक्षरता, चुनावी साक्षरता, व्यावसायिक कौशल विकास, बुनियादी शिक्षा, जीवन पर्यन्त शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता आदि क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित किया गया है।

श्री बघेल ने कहा है कि साक्षरता दिवस देश में साक्षरता के वर्तमान सोपान पर गर्व करने का दिन है। यह लगभग एक चौथाई आबादी को साक्षर बनाने के बारे में चिंतन और प्रण करने का दिन है। मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि सभी लोग कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं और छत्तीसगढ़ को शत-प्रतिशत साक्षर बनाते हुए डिजिटल साक्षरता, जागरूकता सहित जीवन पर्यन्त शिक्षा की ओर अग्रसर हों। उन्होंने कहा है कि हमें साक्षरता के नए आयामों को छूना है।

मुख्यमंत्री बघेल ने शालाओं और महाविद्यालयों में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों से अपील की है कि साक्षरता के पुनीत कार्य में भागीदार बनें। साक्षरता की नई उपलब्धियों से प्रदेश का सुनहरा भविष्य सुनिश्चित होगा तथा हम गढबो नवा छत्तीसगढ़ का लक्ष्य पूरा करेंगे।

### गोकुल नगरी बनी दादाबाड़ी, बाल कृष्ण और राधाओं ने मन मोहा

**रायपुर (ए)।** जैन दादाबाड़ी में कृष्ण जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। छोटे-छोटे बच्चे राधा और कृष्ण के रूप में आज दादाबाड़ी में अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। बाल कृष्ण बने बच्चों ने प्रांगण में मटकी फोड़कर जन्माष्टमी मनाई। संगीतमयी प्रस्तुति ने श्रावक-श्राविकाओं का मन मोह लिया। साध्वी शुभंकरा श्रीजी ने जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान कृष्ण की लीलाओं का बहुत ही सुंदर वर्णन किया।

# स्काउट दल को जम्बूरी गतिविधि के लिए दक्षिण कोरिया के गवर्नर ने किया सम्मानित

### जिओलाबुकडू प्रान्त के गवर्नर किम वोन युंग ने किया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** इंटरनेशनल स्काउट गाइड फेलोशिप एशिया पेसेफिक रिजनल विजन 2025 कमेटी के चेयरमेन एम ए के मिकी को दक्षिण कोरिया के जिओलाबुक-डू प्रांत के गवर्नर किम वॉन युंग के द्वारा 6 सितंबर 2023 को मिशन वर्ल्ड स्काउट जंबूरी 2023 की गतिविधियों के आखिरी चरण में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

दोनों देशों के मध्य फेलोशिप एवं भारत देश के साथ मित्रता को और प्रगाढ़ किए जाने पर रणनीति एवं विचार साझा किया गया। इण्डियन स्काउट गाइड फेलोशिप एवं अटास इण्डिया के संयुक्त दल के हाल ही में प्रवास के समय जिओलाबुक-डू प्रांत के अधिकारियों को द्वारा किए गए सहयोग के लिए मिकी के द्वारा छत्तीसगढ़िया गमछा एवं स्मृति चिन्ह देकर गवर्नर किम वॉन युंग को भी सम्मानित किया गया। विधायक एवं इण्डियन स्काउट गाइड के संरक्षक तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा की ओर से छत्तीसगढ़ राजकीय गमछा इण्डियन स्काउट गाइड को सौंपा गया था।

हाल ही में दक्षिण कोरिया में सम्पन्न हुए विश्व स्काउट जंबूरी में इण्डियन स्काउट गाइड तथा अटास इण्डिया का 29 सदस्यीय दल राष्ट्रीय अध्यक्ष, उड़ीसा हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायमूर्ति कल्पेश झवेरी के नेतृत्व में सम्मिलित हुआ था। जिसमें छत्तीसगढ़ अटास चैप्टर के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश शर्मा तथा उपाध्यक्ष जितेन्द्र साखरे सम्मिलित हुए थे। उल्लेखनीय है कि यात्रा के पूर्व प्रतिनिधिमंडल छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिनिधिमण्डल को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिला था। मुख्यमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं दी थी।

### राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

# तम्बाकू का सेवन छुड़वाने जन-जागरूकता बढ़ाई जाएगी

### प्रदेश को तंबाकूमुक्त बनाने तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों के तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारियों, जिला नोडल अधिकारियों, जिला सलाहकारों, परामर्शदाताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। ब्लूमबर्ग परियोजना के तहत रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में प्रतिभागियों को तंबाकू उत्पादों की व्यापकता एवं इसके दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। कार्यशाला में तंबाकू नियंत्रण के लिए प्रभावी कानूनों सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम-2003, ई-सिगरेट अधिनियम-2019 तथा हुक्का प्रतिबंध के लिए राज्य द्वारा संशोधित अधिनियम सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की धाराओं व प्रावधानों के बारे में भी बताया गया। राज्य को तंबाकूमुक्त बनाने के लिए इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। प्रतिभागियों को तंबाकू नियंत्रण के लिए राज्य द्वारा तय रणनीतियों जैसे तम्बाकूमुक्त कार्यालय, तम्बाकूमुक्त शिक्षण संस्थान, तंबाकू नशामुक्ति केन्द्र और उसके क्रियान्वयन की भी विस्तृत जानकारी कार्यशाला में दी गई।



राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत गठित जिला कार्यान्वयन समितियों को राज्य नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन ने इसके उद्देश्यों एवं संरचना की जानकारी दी। उन्होंने तंबाकू नियंत्रण के लिए किए जा रहे राज्य स्तरीय कार्यों, तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चलाई जा रही गतिविधियों तथा तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र की सेवाओं के बारे में बताया। उन्होंने विभिन्न जिलों से आए मैदानी अधिकारियों को लोगों को तंबाकू का सेवन नहीं करने के लिए जागरूक करने और उन्हें इसका सेवन छोड़ने के लिए प्रेरित करने को कहा, ताकि राज्य में तंबाकू का सेवन छोड़ने वालों की संख्या बढ़ सके।

कार्यशाला में प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार एकल बीड़ी व सिगरेट के विक्रय को सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की धारा-7 का उल्लंघन माने जाने और इसके लिए जारी वैधानिक चित्रात्मक चेतावनी का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। इन प्रावधानों के उल्लघंन पर प्रवर्तन दलों द्वारा किस प्रकार से कार्यवाही किया जाना है, इस पर भी विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी।

कार्यशाला में 'द यूनियन' संस्था के सीनियर तकनीकी एडवाइजर डॉ. अमित यादव ने राज्य में तंबाकू नियंत्रण के लिए कानूनी प्रावधानों जैसे कोटपा एक्ट-2003, कोटपा छत्तीसगढ़ (संशोधन) अधिनियम-2021 तथा ई-सिगरेट पर प्रतिबंध कानून-2019 का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को और भी प्रभावी तरीके से करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामूहिक सहभागिता, स्वनिर्णय क्षमता और कार्य कुशलता के बल पर तंबाकू नियंत्रण प्रभावी तरीके से किया जा सकता है। इसके लिए खुद जागरूक होने और तंबाकू नियंत्रण के प्रति लोगों को भी जागरूक करने की क्षमता विकसित करना जरूरी है।

राज्य तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की राज्य सलाहकार डॉ. नेहा साहू ने कार्यशाला में तंबाकू उत्पादों की बिक्री और इससे उपजी समस्याओं के बारे में बताया। राज्य तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की राज्य विधिक सलाहकार सुश्री ख्याति जैन ने राज्य में तंबाकू नियंत्रण की गतिविधियों, कोटपा अधिनियम एवं तंबाकूमुक्त शिक्षण संस्थानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। राज्य स्वास्थ्य संसाधन केंद्र (एसएचआरसी) के प्रबोध नंदा ने मितानिन कार्यक्रम और सत्य साई संजीवनी अस्पताल के निखिल शुक्ला ने कार्यशाला में रायपुर में तंबाकू पर किए गए शोध के संबंध में जानकारी साझा की। प्रतिभागियों के प्रशिक्षण के दौरान ब्लूमबर्ग परियोजना के संजय नामदेव और प्रकाश श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की रिपोर्टिंग एमआईएस में किए जाने, विलेश राउत एवं आशीष सिंह ने टोबैको मॉनिटरिंग एप तथा तम्बाकूमुक्त शैक्षणिक संस्थाओं की कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी।

### तंबाकू की लत को छोड़ने के लिए प्रेरित करना जरूरी है

रायपुर डेंटल कॉलेज की सह-प्राध्यापक एवं राज्य तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की मास्टर ट्रेनर डॉ. शिल्पा जैन ने कार्यशाला में बताया कि तंबाकू के सेवन के खतरों को हम जानते हैं, फिर भी हम मानते नहीं हैं। तम्बाकू विक्रेता अप्रत्यक्ष रूप से इसका प्रचार भी करते हैं जिससे युवा पीढ़ी विशेषकर स्कूल जाने वाले बच्चे इसकी तरफ आकर्षित होते हैं। यह जानलेवा पदार्थ आसानी से उन तक पहुंच जाता है। इससे कैंसर और अन्य गम्भीर बीमारियां बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि धूम्रपान करने वाले व्यक्ति के साथ ही धूम्रपान नहीं करने वाले व्यक्ति को भी गंभीर बीमारियों का खतरा रहता है। इसलिए हमें टीसीसी सेंटर (तंबाकू नशामुक्ति केन्द्र) में बेहतर काउंसिलिंग के साथ ही वहां आने वाले लोगों का लगातार फॉलो-अप करने और उनके परिवार के अन्य लोगों को भी तंबाकू की लत को छोड़ने के लिए प्रेरित करना जरूरी है। उन्होंने तंबाकू के लत रूपी रावण को समाज से मिटाने के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करने को कहा।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# जन्मे कन्हैया...देशभर में छाया हर्षोल्लास



भारत में सात सितंबर को हर्षोल्लास के साथ भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। मथुरा से लेकर वृंदावन और वृंदावन से लेकर द्वारका हर तरफ सिर्फ जन्माष्टमी की धूम ही देखनी मिली। मथुरा के ठाकुर श्रीकेशव देव महाराज मंदिर में रात 12 बजे भगवना कृष्ण का जन्म हुआ। भगवान का जन्म होते ही घंटे-घड़ियाल बजाए गए और भक्तों के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा।



इस्कॉन मंदिर में सुबह से ही देशी-विदेशी भक्तों का तांता लगा रहा। श्रीराधे की धुन पर नाचते-गाते भक्त आराध्य के जन्म का इंतजार करते रहे। इससे पहले भक्तों ने मंदिर को देशी-विदेशी पुष्पों से सजाया। भव्य पुष्प बंगला में प्रभु राधाकृष्ण, कृष्ण बलराम एवं निताईगौर को विराजमान किया और श्रृंगार आरती की गई। इसके दर्शन के लिए भक्तजनों में होड़ मच गई।



बांकेबिहारी मंदिर में मंगला आरती के बाद मंदिर के गोस्वामी समाज की महिलाएं और गोस्वामीजन घर पर बने मिगी पाग, धनिया की पंजीरी और मोहन भोग चांदी के थालों में सजाकर मंदिर लाए और कन्हैया का भोग लगाया। इस दौरान गोस्वामीजनों ने मदिरों में अपने लाड़ले ठाकुर के जन्म की खुशी में पदों का सस्वर गायन किया, जिसे सुन श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए।

## देशभर में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी, मुंबई में मटकी फोड़ते वक्त 107 गोविंदा घायल

जन्माष्टमी के पावन अवसर पर देशभर में धूमधाम से दहीहांडी का आयोजन किया गया, जहां गोविदाओं ने बहुमंजिला मानव पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ी।







महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित प्रमुख राजनेताओं और बॉलीवुड हस्तियों ने मुंबई और ठाणे शहर में दही हांडी समारोह में भाग लिया। इस बार दही हांडी कार्यक्रम में युवतियां भी पीछे नहीं रहीं। युवतियों ने भी मानव पिरमिड बनाकर मटकी फोड़कर जश्न मनाया। इस दौरान लोगों ने भी भगवान कृष्ण के जयकारे के साथ उनका उत्साहवर्धन किया।

जन्माष्टमी के अवसर पर फूलों से सजी दही हांडियां, सोसाइटियों, सड़कों, जंक्शनों और सार्वजनिक मैदानों पर आयोजित किए गए। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे गोविंदा दिन भर ट्रकों, टेम्पो, बसों और दोपहिया वाहनों में घूमते दिखाई दिए।

बारिश के बाद भी गोविंदाओं का उत्साह कम नहीं हुआ। बारिश के बीच दही हांडी कार्यक्रम शुरू हुआ, जो देर शाम तक जारी रहा। इस बीच गोविदा कई बार गिरे और कई बार उठे लेकिन उनका जोश देखने लायक था। हालांकि, ठाणे शहर के पास एक दही हांडी कार्यक्रम में 107 गोविंदा घायल हो गए।

## अक्षय कुमार की मिशन रानीगंज का टीजर जारी 6 अक्टूबर को दर्शकों के बीच आएगी फिल्म

मिशन रानीगंज एक अपकमिंग बॉलीवुड फिल्म है, जोकि सर्वाइवल थ्रिलर है। फिल्म को तिनु सुरेश देसाई ने निर्देशित किया है और पूजा एंटरटेनमेंटने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में प्रमुख भूमिका में अक्षय कुमार और परिणीति चोपड़ा दिखाई देंगे। साथ ही फिल्म का मोशन पोस्टर जारी कर दिया गया है जोकि काफी इंटेंस लग रहा है। यह फिल्म 6 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मिशन रानीगंज फिल्म का प्रमुख कथा रानीगंज कोलफील्ड में हुए एक वास्तविक घटना पर आधारित है और इसमें अक्षय कुमार प्रमुख भूमिका में हैं, जो कोयला खदान में एक रेस्क्यू ऑपरेशन का हिस्सा बनते हैं। फिल्म की डिटेल्स और मोशन पोस्टर से यह स्पष्ट होता है कि फिल्म एक उत्कृष्ट सर्वाइवल थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत की जा रही है, जिसमें दर्दनाक परिस्थितियों में अक्षय कुमार की ब्रेवरी और जीवन की खतरों से भरपूर कहानी दिखाई जाएगी। अक्षय कुमार के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे आखिरी बार ओह माय गॉड के सीक्वल ओएमजी 2 में दिखाई दिए थे। अमित राय द्वारा डायरेक्टेड यह फिल्म हस्थ मैथुन और सेक्स एजुकेशन पर बेस्ड है।

## कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहनाः कुशा



कुशा कपिला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म सुखी को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर बात की है। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और एक्ट्रेस कुशा कपिला ने कुछ समय पहले पति जोरावर अहलूवालिया से अलग होने का फैसला लिया था। उन्होंने इस बारे में सोशल मीडिया पर फैंस को बताकर चौंका दिया था। जोरावर से तलाक लेने की अनाउंसमेंट करने के बाद कुशा को सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल किया गया था। कुशा ने अब ट्रोल करने वालों को करारा जवाब दिया है। साथ ही बताया कि वह इस आलोचना से कितनी प्रभावित हुई थीं। कुशा कपिला का नाम हाल ही में बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर से जोड़ा गया था। जिसका बारे में तुरंत बात करके कुशा ने लोगों का मुंह बंद करवा दिया था। कुशा ने एक इंटरव्यू में बताया है कि उन्होंने आलोचना का कैसे सामना किया।

कुशा ने कहा कि उनके दोस्त, फैमिली ने ऑनलाइन ट्रोलिंग के दौरान बहुत सपोर्ट किया। सभी ने मेरे चारों तरफ एक सर्कल बना लिया था जो मुझे हर चीज से प्रोटेक्ट करता था और मैं खुशकिस्मत हूं कि ऐसे लोग मेरी जिंदगी में हैं। कुशा ने आगे कहा- मैं समझती हूं कि ये पब्लिक पर्सन होने का हिस्सा है। कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना और ये होने ही वाला है।

कुशा ने आगे कहा- मुझे लगता है कि मैं अब हर दिन मजबूत होती जा रही हूं। इसी के लिए मैं रोजाना काम कर रही हूं। मैं इम्यून होना चाहती हूं और घाव जल्द ही भर जाएंगे।

कुशा के एक्स हसबैंड उनके सपोर्ट में उतरे थे। जोरावर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट शेयर करके अपनी नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने लिखा था- मुझे एहसास हुआ कि हम पब्लिक लाइफ जीते हैं लेकिन कुछ ऐसी चीजें भी हैं बहुत पवित्र हैं। हमारी शादी और एक-दूसरे के लिए रिस्पेक्ट भी उन्हीं में से एक है।

## अगर आप भी चाहते हैं कि आपका दिमाग तेज हो तो आज से खाना शुरू कर दे ये चीजें

हम सभी जानते हैं कि एक तेज और सक्रिय दिमाग हमारे जीवन की सफलता का आधार है। चाहे वो पढ़ाई हो या नौकरी, हर जगह एक मजबूत दिमाग की आवश्यकता होती है। आज हम उन चीजों के बारे में बात करेंगे जो हमारे दिमाग को तेज और निरोगी बनाती हैं। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में हमारा दिमाग काफी दबाव में रहता है। इसलिए जरूरी है कि हम अपने दिमाग का विशेष ध्यान रखें और उसे स्वस्थ बनाए रखने के लिए कुछ जरूरी कदम उठाएं।



आज हम उन सभी उपायों और आहारों के बारे में बात करेंगे जो हमारे दिमाग को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। एक स्वस्थ दिमाग न केवल हमारे काम को बेहतर बनाता है बल्कि हमारे जीवन की क्वालिटी भी सुधारता है। आइए जानते हैं एक तेज और स्वस्थ दिमाग के लिए क्या खाना जरूरी है।

### अखरोट

अखरोट में ओमेगा-3 फैटी एसिड, विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे तत्व होते हैं जो दिमाग के स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। अखरोट खाने से ध्यान देने और समझने की क्षमता बढ़ती है। लेकिन इसे नियमित रूप से और सीमित मात्रा में खाना चाहिए। अधिक मात्रा में अखरोट खाने से वज़न बढ़ सकता है।

### अंडा

अंडे में प्रोटीन, विटामिन बी12 और कोलीन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो दिमाग के विकास और कार्य के लिए बहुत लाभदायक होते हैं। अंडे सर्दी में पाए जाने वाला कोलीन न्यूरोट्रांसमीटर के रूप में कार्य करता है जो मस्तिष्क की कोशिकाओं के बीच संवाद को बेहतर बनाता है। प्रोटीन दिमाग कोशिकाओं के विकास और मरम्मत के लिए जरूरी होता है। ऐसे अंडा दिमाग के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। विटामिन बी 12 स्मृति और ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। इसलिए नियमित रूप से अंडा खाने से दिमाग तेज और फोकस करने में मदद मिल सकती है। लेकिन अत्यधिक मात्रा में अंडे खाने से कोलेस्ट्रॉल बढ़ सकता है, इसलिए संतुलन बनाए रखना चाहिए।

### मछली

मछली में ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है जो दिमाग के लिए बहुत ही लाभदायक होता है। यह मस्तिष्क की कोशिकाओं के विकास और कार्यक्षमता में सुधार करता है। मछली में विटामिन बी12, आयोडीन और जिंक जैसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं जो दिमाग के स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी होते हैं मछली में प्रोटीन और अमीनो एसिड की अच्छी मात्रा होती है जो मस्तिष्क के कार्यों के लिए आवश्यक होते हैं। मछली खाने से मेमोरी और फोकस करने की क्षमता बेहतर होती है। इसलिए सप्ताह में 2-3 बार मछली खाना दिमाग के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद है।

### हल्दी


हल्दी में पाए जाने वाले एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुणों के कारण दिमाग में सूजन कम करता है। हल्दी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट मस्तिष्क की कोशिकाओं को नुकसान से बचाते हैं। यह ब्लड फ्लो और ऑक्सीजन सप्लाई बढ़ाकर मस्तिष्क को ऊर्जा देता है। हल्दी से मेमोरी पावर और फोकसिंग अबिलिटी भी बेहतर होती है। इसलिए खाने में हल्दी शामिल करना दिमाग के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

## पहले के 5 साल के बाद पड़ता है दूसरा दिल का दौरा, इससे बचने के लिए एक्सपर्ट ने दी यह खास सलाह

आपका दिल हेल्दी है या बीमार इसके पीछे आपकी लाइफस्टाइल एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आप अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में किस तरह की लाइफस्टाइल बिता रहे हैं इसका सीधा असर आपके दिल पर पड़ता है। दुनिया भर में दिल का दौरा पड़ने के पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारण है आपकी खराब लाइफस्टाइल। दिल का दौरा तब पड़ता है जब दिल की मांसपेशियों के एक हिस्से में ब्लड सर्कुलेशन अचानक से रूक जाता है।

**कब पड़ता है हार्ट अटैकः-** यह अक्सर इसलिए होता है जब दिल के कोरोनरी आर्टरी में खून का थक्का जमने लगता है। दिल का दौरा पड़ने के बाद भी अगर आप जिंदा है तो यह पूरी तरह से निर्भर करता है कि आपको कितना गंभीर दिल का दौरा पड़ा है। साथ ही आप टाइम से हॉस्पिटल पहुंच गए। सामान्य तौर पर दिल का दौरा पड़ने वाले लोगों में एक प्रतिशत लोग ऐसे हैं जो जिंदा रहते हैं। लेकिन उन्हें अपनी हेल्थ का खास ख्याल रखना पड़ता है। हालांकि इसके लिए उन्हें अनुशासन के साथ अपनी जिंदगी को जिना पड़ता है।

रिपोर्ट के मुताबिक 21वीं सदी में अचानक कार्डियक अरेस्ट लोगों की अचानक मृत्यु के मुख्य कारणों में से एक है। उन्होंने आगे कहा,पिछले कुछ सालों में अचानक कार्डियक अरेस्ट का सामना करने वाले लोगों की संख्या चिंताजनक रूप से बढ़ गई है। यह हार्ट अटैक किसी भी उम्र के लोगों को अपना शिकार बना रहा है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक दिल की बीमारी (सीवीडी) दुनिया भर में मौत का प्रमुख कारण है। जिससे हर साल 1.79 करोड़ मौतें होती हैं। वैश्विक स्वास्थ्य निकाय का कहना है, सीवीडी से होने वाली पांच में से चार से अधिक मौतें दिल के दौरे और स्ट्रोक के कारण होती हैं। आंकड़ों के मुताबिक इनमें से एक तिहाई मौतें 70 साल से कम उम्र के लोगों में समय से पहले होती हैं।



**दिल का दौरा पड़ने के बाद महिला और पुरुष के शरीर में होते हैं ये बदलावः-** अचानक से दिल का दौरा पड़ता है । लेकिन उससे पहले आपके शरीर में कुछ इस तरह के लक्षण दिखाई देते हैं। शरीर के अलग-अलग हिस्सों में दर्द, एक या दोनों हाथ में दर्थ, पीठ, गर्दन, पेट या जबड़े में दर्द, दिल के दौरे पड़ने के कई कारण हो सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं है कि यही कारण है। यह जीईआरडी, चिंता आदि सहित अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के साथ कई समानताएं भी हो सकती है।

एक रिसर्च के मुताबिक, दिल का दौरा पड़ने के बाद पहले कुछ हफ्तों के भीतर पुरुषों की तुलना में महिलाओं की मृत्यु की संभावना अधिक होती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पुरुषों की तुलना में महिलाओं की धमनियां छोटी होती हैं और पुरुषों की तुलना में हृदय रोग के विभिन्न लक्षणों का अनुभव हो सकता है, जिससे कभी-कभी निदान में देरी हो सकती है। हालांकि, अध्ययनों से पता चला है कि दिल के दौरे के लिए अस्पताल में भर्ती लोगों की जीवित रहने की दर लगभग 90-97 प्रतिशत है।

**पहला दिल का दौरा पड़ने के 5 साल के अंदर पड़ता है दूसरा दिल का दौराः-** अधिकांश लोग अपने पहले दिल के दौरे से ठीक हो जाते हैं और आगे की जिंदगी आराम से बिताते हैं। हालांकि 45 साल या उससे अधिक उम्र के लगभग 20 प्रतिशत लोगों में पहले दिल का दौरा पड़ने के 5 साल के अंदर दूसरा दिल का दौरा पड़ता है। ऐसे में आपको दूसरे दिल का दौरा पड़ने से बचने के लिए यह खास कदम उठाना बेहद जरूरी है।

**टाइम पर दवाएं लेंः-** कुछ दवाएं आपके दूसरे हार्ट अटैक के जोखिम को काफी हद तक कम कर सकती हैं। आपको यह समझना होगा कि इसके लिए अपनी दवाएं कैसे लेनी हैं। जानें कि अपनी दवाएं कैसे लें।

**डॉक्टर के पास जाकर फॉलो-अप करते रहेंः-** डॉक्टर के नजर में रहें और बार-बार जाकर अपना फॉलो अप लेते रहें। आप अपने डॉक्टर के साथ अपने समय का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं।

**रिहैबिलिटेशन ज्वाइन करेंः-** कार्डिएक रिहैबिलिटेशन दिल का दौरा पड़ने के बाद आपकी रिकवरी में सहायता के लिए चिकित्सकीय देखरेख में चलाया जाने वाला एक कार्यक्रम है। अपने डॉक्टर से पूछें कि क्या आपको अस्पताल से छुट्टी मिलने पर हृदय पुनर्वास के लिए रेफरल नहीं मिला था।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### आमाबेड़ा में आयोजित किया गया मांझी, गायता, पटेल का मिलन एवं सम्मान समारोह

**कांकेर।** जिले के अंतागढ़ विधानसभा अंतर्गत आमाबेड़ा में कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री बी. एस. उइके के दिशानिर्देशन में आमाबेड़ा क्षेत्र अंतर्गत 23 ग्राम पंचायत के 80 ग्राम के परगना मांझी, ग्राम पटेल, गायता का मिलन समारोह आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में द्वद्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रमद्ब अंतर्गत 11 सितंबर 2023 तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के सम्बंध में जानकारी दी गयी। साथ ही मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत आगामी निर्वाचन में मतदान के महत्व को बताते हुए निष्पक्ष, भयमुक्त, बिना किसी प्रलोभन के शत प्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ दिलाया गया। साथ ही उपस्थित सभी ग्राम गायता ,पटेल , ग्रामीणों को *श्वङ्करूप्रदर्शनी* कर दिखाया गया। उपस्थित सभी मांझी, पटेल , गायता का *पारम्परिक गमछा* पहना कर सम्मान किया गया। सभी उपस्थित ग्राम पटेल, गायता, कोटवारों को क्षेत्र में सभी अवैध गतिविधियों के सम्बंध में प्रशासन एवं पुलिस को अवगत कराते हुए शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विश्वास कुमार स्ठ्ठरूअंतागढ़, अमर सिदार अनु अधिकारी पुलिस अंतागढ़, उमेश चौहान तहसीलदार आमाबेड़ा, जितेंद्र साहू थाना प्रभारी आमाबेड़ा एवम समस्त पटवारी, कोटवार उपस्थित थे।

### 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ

**महासमुंद।** महासमुंद में 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में 7 सितम्बर से 10 सितम्बर तक आयोजित हो रहा है। आज कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला स्काउट गाइड अध्यक्ष श्री दाऊलाल चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री सेवन लाल चंद्राकर व पार्षद श्री मुन्ना देवार मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन रविवार 10 सितम्बर 2023 को मिनी स्टेडियम में होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के माध्यम से किया गया। रंग बिरंगे जर्सी में खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया।इस अवसर पर शिक्षा विभाग,खेल विभाग एवं प्रतियोगिता से सम्बंधित अधिकारी एवं खेल प्रेमी जनता बड़ी संख्या में मौजूद थे। विदित है कि प्रतियोगिता में बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर, सरगुजा जोन से कुल 680 खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। जिसमें से प्रत्येक जोन से 136 खिलाड़ी एवं 5 जोन से कुल 100 कोच व मैनेजर रहेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मीता मुखर्जी ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु प्रभारी अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, यातायात व्यवस्था, पेयजल आदि की व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ज्यूरी मेम्बर प्रतिदिन सायंकाल आयोजन की समीक्षा करेगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 4 खेल शामिल किए गए है। जिसमें हैण्डबॉल 14 से 19 वर्ष, बालक-बालिका एवं खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल के 14 वर्ष बालक-बालिका वर्ग शामिल है। हैण्डबॉल मे 14 से 19 आयु वर्ग में बालक-बालिका के 160-160 खिलाड़ी भाग लेंगे। वहीं अन्य विधाओं में 60-60 बालक-बालिका खिलाड़ी भाग लेंगे।

### उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया जिला स्थापना समारोह

**मोहला।** मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के स्थापना दिवस प्रथम वर्ष के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन दशहरा मैदान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के नागरिकों ने उमंग भरे माहौल जिला गठन का उत्साह मनाया। जिला गठन के प्रथम वर्षगाठ के अवसर पर विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की स्टॉल प्रदर्शनी लगाया। इस अवसर पर जिले में एक वर्ष में हुए विकास कार्यों को रेखांकित किया गया। स्टॉल प्रदर्शनी के माध्यम से जिले में हुए उपलब्धि और विकास कार्यों को दर्शाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री इंद्रशाह मंडावी ने कार्यक्रम में उपस्थित जनों को नव गठित जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी बनने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता वर्षों से जिला गठन की मांग लगातार करते आ रहा था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने क्षेत्र की जनता की बहू प्रतीक्षित मांग को सरकार गठन होने के उपरांत पूरा किया। उन्होंने कहा कि जिला गठन होने से क्षेत्र की जनता की बहूप्रतीक्षित मांग पूरी हुई है। जिला बनने से क्षेत्र की जनता को अब राजनांदगांव जिले पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है। अब जिला स्तर पर होने वाले सभी प्रकार के काम मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में होने लगा है। इससे क्षेत्र की जनता की समय, परिश्रम और राजनांदगांव जाने से होने वाले खर्च की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की आवश्यकता और जरूरत को ध्यान रखते हुए अनेकों प्रकार के विकास कार्य किए जा रहे हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि नव गठित जिले में विकास की अपार संभावनाएं हैं।

# प्रदेश में सबसे अधिक सोलर हाई मास्ट लाइट लगाने वाला जिला कबीरधाम: मंत्री अकबर

श्रीकंचपनथ न्यूज



**रायपुर। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने आज कवर्धा के ऊर्जा पार्क में जिले जिले की नगर पालिका, नगर पंचायत व ग्रामीण अंचलों में 1200 वाट्स 9 मीटर क्षमता के 215 नग सोलर हाई मास्ट लाइट स्थापना कार्य का भूमि पूजन किया। ये सोलर हाई मास्ट लाईट 10 करोड़ 36 लाख 35 हजार की लागत से नगर और गांव के चौक-चौराहे पर लगाई जाएंगी। इस अवसर पर क्रेडा के सदस्य श्री कन्हैया अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।**

कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने इस अवसर पर कहा कि कबीरधाम जिला सबसे ज्यादा सौर हाई मास्क लाइट लगाने वाला जिला बन गया है। सोलर योजना के तहत किसानों को सोलर पंप का लाभ भी दिया जा रहा है। जिले में क्रेडा से संबंधित सभी योजनाएं लाने का कार्य किया गया है और वे सफल हुई हैं। उन्होंने कहा कि सोलर हाई मास्ट लाइट स्थापित होने से शहर और गांव रोशन होंगे। सोलर लाइट से प्रकाश होने से बिजली की बचत होगी। अक्षय ऊर्जा के विस्तार की क्षेत्र में यह अच्छी पहल है। इसके माध्यम से सूर्य के प्रकाश से ऊर्जा एकत्रित होकर इसका उपयोग रात में प्रकाश के लिए होगा।

केबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक के विशेष प्रयास से जन आकांक्षाओं के अनुरूप कवर्धा जिले में कवर्धा नगरपालिका सहित जनपद पंचायत के विभिन्न ग्रामों के लिए हाई मास्ट सोलर लाइट की स्वीकृति प्रदान की गई। जिसका आज भूमिपूजन किया गया है। छत्तीसगढ़ क्रेडा को भारत सरकार द्वारा अच्छे कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया है। दिल्ली में आयोजित समारोह में इस क्षेत्र में बेहतरीन कार्य के लिए प्रथम पुरस्कार भी विगत दिनों प्रदान किया गया है। जिले के अनेक गांव के चौक चौराहे रोशन हो रहे हैं। किसान हित में भी सौर सुजला योजना के जरिये सोलर पंप के जरिए सिंचाई का लाभ भी जिले के किसानों को अधिक से अधिक दिया जा रहा है।

जिले में प्रकाश के लिए क्रेडा के चेयरमैन मिथलेश स्वर्णकार ने 215 हाई मास्ट लाइट स्वीकृत की है। जिसके तहत कवर्धा विधानसभा के अंतर्गत नगरपालिका कवर्धा क्षेत्र के अनेक चौक चौराहों के लिए 16 नग सोलर लाइट ,नगर पंचायत बोड़ला में 5 नग, सहसपुर लोहारा के लिए 5 नग, पिपरिया अंतर्गत 7 नग, बोड़ला जनपद पंचायत के अनेक गाव के लिए 44 नग, कवर्धा जनपद क्षेत्र के 69 गावों में 69 नग और सहसपुर लोहारा जनपद के लिए 29 नग की स्वकृति दी गई है। इसी तरह पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के पंडरिया जनपद पंचायत के लिए 20 नग, जनपद पंचायत कवर्धा के लिए 12 नग और जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के लिए 8 नग इस तरह कुल 215 नग की स्वीकृति मिली है। इस दौरान की क्रेडा जोनल कार्यालय अधीक्षण अभियंता भानुप्रताप, जिला प्रभारी क्रेडा वैभव दुबे, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, कवर्धा ऋषि कुमार शर्मा, अध्यक्ष नगर पंचायत, सहसपुर लोहारा श्रीमती अनारा साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत पिपरिया महेन्द्र कुम्भकार, अध्यक्ष नगर पंचायत, बोड़ला श्रीमती सावित्री साहू, होरीराम साहू, अध्यक्ष, पीतांबर वर्मा, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थिति थे।

# प्रदेश के सभी जिलों में निकली भारत जोड़ो यात्रा

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** भारत जोड़ो यात्रा की प्रथम वर्षगांठ पर पूरे प्रदेश के प्रत्येक जिले में प्रदेश कांग्रेस द्वारा भारत जोड़ो यात्रा संपन्न कराई गई। इस कार्यक्रम के लिए प्रत्येक जिले में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को प्रभारी नियुक्त किया गया था। यात्रा के दौरान जनता को भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्य से अवगत कराया गया और साथ ही भाजपा के विभाजनकारी राजनीति के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया गया।

भारत जोड़ो यात्रा रायपुर में दीपक बैज और सरगुजा में टी.एस.सिंहदेव प्रभारी के रूप में शामिल हुये। इसी प्रकार अन्य जिलों बेमेतरा में जांजगीर चांपा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, मंत्री रविन्द्र चौबे, दुर्ग में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, कवर्धा में मंत्री मो. अकबर, बिलासपुर में मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, सुकमा मंत्री कवासी लखमा, सुरजपुर में मंत्री अमरजीत भगत, कोण्डागांव में मंत्री मोहन मरकाम, कोरबा में मंत्री जयसिंह अग्रवाल, बालोद में मंत्री अनिला भेड़िया, सक्ती में मंत्री गुरू रूद्र कुमार, रायगढ़ में मंत्री उमेश पटेल, महासमुंद में सासंद रंजीत रंजन, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में सांसद ज्योत्सना महंत, बस्तर जगदलपुर में सांसद फूलोदेवी नेताम, बलौदाबजार में विनोद चंद्राकर, गरियाबंद में द्वारिकाधीश यादव, धमतरी में शिशुपाल सोरी, राजनांदगांव में इंद्रशाह मंडावी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी कुंवर सिंह निषाद, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में गुरूदयाल बंजारे, नारायणपुर में रेखचंद जैन, बीजापुर विक्रमशाह मंडावी, कांकेर में विकास उपाध्याय, दंतेवाड़ा में देवती कर्मा, मुंगेली में डॉ. रश्मि सिंह, बिलाईगढ़ सांरगढ़ में शकुन्तला साहू, जशपुर में यू.डी मिंज, बलरामपुर में पासनाथ राजवाड़े, कोरिया में चिंतामणी महाराज, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में अंबिका सिंहदेव शामिल हुये।

रायपुर में भारत जोड़ो यात्रा के वर्षगांठ पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि यह ऐतिहासिक यात्रा भारत के दिल में समा गई है। यात्रा अभी खत्म नहीं हुई है, यात्रा अभी भी चल रही है। भारत जोड़ो यात्रा एक तीर्थ यात्रा थी और तीर्थ यात्रा कभी समाप्त नहीं होती। तीर्थ यात्रा, हर यात्रा का प्रारंभ होती है। भारत जोड़ो यात्रा का इतिहास स्याही से नहीं लिखा जा सकता, ये पसीने से लिखा गया है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की 145 दिनों तक चली चार हजार किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा में निडर भारतीयों ने ना केवल कदम जोड़े, बल्कि दिल भी जोड़े। ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर वह निडर भारतीयों को धन्यवाद करते हैं।

# पोषणबाडी से सुपोषित हुआ आंगनबाडी केन्द्र नैमेड़ नयापारा



श्रीकंचनपथ न्यूज


**बीजापुर।** जिला बीजापुर अंतर्गत एकीकृत बाल विवकास परियोजना बीजापुर, सेक्टर नैमेड़ के आंगनबाडी केन्द्र नयापारा नैमेड़ की कार्यकर्ता श्रीमती ज्योति पटेल द्वारा अपने आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषणबाड़ी बनाई गई है। उस पोषणबाडी में हरी साग- सब्जी लगायी है और उस बाडी से हरी साग सब्जी आंगनबाडी केन्द्र के बच्चों और हितग्राहियों को गरम भोजन के साथ हरी साग भाजी को खिला रही है।

ज्योति पटेल अपने सेक्टर सुपरवाईजर के साथ प्रत्येक हितग्राही के घर गृहभेट कर अपने आंगनबाडी केन्द्र अंतर्गत आने वाले हितग्राहियों को भी अपने घरों में पोषणबाडी बनाकर हरी सांग भाजी उगाने हेतु प्रोत्साहित किया । आज नैमेड नयापरा में प्रत्येक हितग्राही के घर पर पोषणबाडी है। सभी हितग्राही खाने में अपने घर की हरी सब्जियों का उपयोग करते है। और आंगनबाडी में सुपोषण अभियान के अंतर्गत मिलने वाले अण्ड़ा, मिलेट चिक्की और दलिया का भी उपयोग कर रहें है। जिससे आंगनबाड़ी नयापारा में वर्तमान में एक भी कुपोषित बच्चे नही है। इस कार्य में कार्यकर्ता ज्योति पटेल के साथ उनकी सहायिका रामदुलारी का भी सराहनीय योगदान है। आज नैमेड़ नयापारा एक कुपोषण मुक्त आंगनबाडी केन्द्र बन गया है।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र को लिखा पत्र

# चावल की पैकेजिंग के लिए 3.56 लाख गठान नए जूट बैग की आपूर्ति का भी किया अनुरोध

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में केंद्रीय पूल में चावल उपार्जन का लक्ष्य 86.5 लाख मे.टन यथावत रखने का अनुरोध किया है। साथ ही परिणामी चावल की पैकेजिंग के लिए 3.56 लाख गठान नए जूट बैग की आपूर्ति जूट कमिश्नर के माध्यम से कराए जाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्र में लिखा है कि खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार द्वारा खाद्य सचिवों की बैठक दिनांक 21 अगस्त 2023 की जारी कार्यवाही विवरण दिनांक 28 अगस्त 2023 द्वारा राज्य में धान के उपार्जन अनुमान 130 लाख टन के अनुसार बनने वाले परिणामी चावल की 86.5 लाख मे.टन मात्रा को घटाते हुए 61 लाख मे.टन कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त जूट पैकेजिंग की छठवीं आपूर्ति योजना दिनांक 06 सितंबर 2023 द्वारा केन्द्रीय पूल में चावल उपार्जन हेतु आवश्यक नये जूट बारदानों की आपूर्ति मात्रा को कम करते हुए 3.56 लाख गठान के स्थान पर 2.45 लाख गठान किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने 21 अगस्त 2023 को खाद्य सचिवों की बैठक में हुई चर्चा का का उल्लेख करते हुए कहा है कि इस बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से राज्य में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में राज्य शासन द्वारा धान खरीदी की सीमा 20 क्विंटल प्रति एकड़ किए जाने का उल्लेख करते हुए, जो कि विगत कई वर्षो से खरीफविपणन वर्ष 2014-15 से 15 क्विंटल प्रति एकड निर्धारित थी, केन्द्रीय पूल में 86 लाख मे.टन चावल उपार्जन के लक्ष्य को यथावत रखे जाने का अनुरोध किया गया था।

विगत वर्षों में धान के रकबे में हुई बढ़ोत्तरी के साथ-साथ राज्य के किसानों द्वारा उन्नत किस्म के बीजों के उपयोग एवं बेहतर उर्वरक प्रबंधन के दृष्टिगत उत्पादकता में वृद्धि हुई है विशेषत: मध्य छत्तीसगढ़ के मैदानी क्षेत्रों में, जिसके चलते किसानों समूहों द्वारा की गयी मांग के आधार पर राज्य में धान खरीदी की सीमा 15 क्विंटल प्रति एकड़ को बढ़ाते हुए राज्य शासन द्वारा अधिकतम 20 क्विंटल प्रति एकड़ निर्धारित की गयी है।

राज्य के कृषि विभाग द्वारा प्रथम अग्रिम अनुमान के आधार पर राज्य में बोए गये धान के रकबे 36 लाख हेक्टेयर में 136.5 लाख टन धान उत्पादन का अनुमान लगाया गया है। राज्य के कुछ एक स्थानों को छोड़कर मानसून की स्थिति धान के फसल के अनुरूप है। राज्य के सिंचित रकबे में कुछ स्थानों पर पानी की कमी के चलते नहरों के माध्यम से सिंचाई का प्रबंध भी किया गया है। उपरोक्त व्यवस्था के दृष्टिगत राज्य में धान का उत्पादन अग्रिम अनुमान से अधिक होना अवश्यम्भावी है।

# राज्य में मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट के जरिए पशुधन के इलाज की घर पहुंच सेवा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप राज्य में पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संचालित गौठान विकास कार्यक्रम और गोधन न्याय योजना के सफल क्रियान्वयन के बाद अब पशुधन के घर पहुंच इलाज की सुविधा के लिए ''मुख्यमंत्री गौवंश मोबाइल चिकित्सा योजना'' के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।

राज्य के ग्रामीण अंचल एवं शहरी इलाकों के श्रमिक बस्तियों के लोगों को घर पहुंच स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संचालित मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना एवं मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की तर्ज पर ही अब गांव-गांव में पशुधन के इलाज के लिए मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट की शुरूआत की गई है, जिसके जरिए पशुधन चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भधान की सुविधाएं मिलने लगी है।

राज्य में मुख्यमंत्री गोवंश मोबाइल चिकित्सा यूनिट की शुरूआत 20 अगस्त को की गई। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने महासमुन्द में आयोजित कार्यक्रम में इस योजना के तहत 50 वेटनरी मोबाइल यूनिट को हरी झण्डी दिखाकर लोकार्पित किया। जिले के धमतरी, कुरूद, मगरलोड और सिहावा विकासखंड में मोबाइल वेटनरी यूनिट का लाभ पशुपालकों को मिलने लगा है। धमतरी विकासखंड के ग्राम अछोटा में बीते दिन गौठान में लगे शिविर में पहुंचे नवागांव कंडेल निवासी पशुपालक श्री रामेश्वर साहू ने बताया कि उसके पास 7 दुधारू गाये है। कुछ दिन से एक गाय, जो की अच्छी नस्ल की है, उसे डायरिया हो गया था। जिसके कारण वह सही तरीके से नहीं खा पी रही थी।

जिसका असर दूध उत्पादन पर भी पड़ने लगा। बातचीत के दौरान उनके बेटे ने बताया कि शासन द्वारा हाल ही में पशुधन के इलाज के लिए एक नई योजना प्रारंभ की गई है, जिसका टोल फ्री नंबर 1962 है। श्री रामेश्वर ने इस नम्बर पर कॉल कर अपने बीमार पशु के बारे में जानकारी दी। जिसके लक्षण को समझ कर चिकित्सकों ने उचित परामर्श दिया। श्री रामेश्वर ने कहा की प्रदेश के संवेदनशील मुखिया श्री भूपेश बघेल ने राज्य के सभी वर्ग के लोगों की भलाई के लिए तो योजनाएं संचालित की हैं, अब मूक पशुओं का भी वह ध्यान रख रहे हैं। यह संवेदनशीलता का परिचायक है। मुख्यमंत्री श्री बघेल को ऐसी योजना प्रारंभ करने के लिए उन्होंने हृदय से धन्यवाद दिया।

गौरतलब है कि पशुपालक अपने पशुओं के बीमार होने पर टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल कर मोबाइल वेटनरी यूनिट के माध्यम से अपने बीमार पशुओं का नि:शुल्क इलाज करवा सकते हैं।

### विधानसभावार संकल्प शिविर कल आयोजित होगा

**रायपुर।** एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, मंत्री मोहन मरकाम, एआईसीसी सचिव राजेश तिवारी, सांसद ज्योत्सना महंत, 09 सितंबर को सुबह 11:00 बजे विधानसभा मनेन्द्रगढ़ के संकल्प शिविर में शामिल होंगे। एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, मंत्री मोहन मरकाम, एआईसीसी सचिव राजेश तिवारी सांसद ज्योत्सना महंत, 09 सितंबर को दोपहर 01.30 बजे विधानसभा बैकुंठपुर के संकल्प शिविर में शामिल होंगे। एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, 09 सितंबर को दोपहर 3 बजे विधानसभा भरतपुर-सोनहट के संकल्प शिविर में शामिल होंगे।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919 K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर




### शोरूम में लाखों की चोरी खिड़की तोड़ अंदर घुसे चोर लॉकर तोड़ ले गए साथ

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर के सरोना स्थित शुभ होंडा शोरूम में चोरी की खबर सामने आई है। चोरों ने पीछे की खिड़की तोड़कर शोरूम को निशाना बनाया है। चोर शोरूम का लाकर को तोड़कर अपने साथ ले गए। चोरों ने लगभग 3.50 लाख की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

एडिशनल एसपी जय प्रकाश बढ़ई ने बताया कि चोरी की वारदात हुई है। शो रूम के बाहर दो गार्ड रात में तैनात थे। उनसे भी पूछताछ की जा रही है। डीडीनगर थाने की पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है। सीसीटीवी फुटेज से जांच की जा रही है।

### एयर होस्टेस मर्डर के आरोपी ने की आत्महत्या, लॉक-अप में लगाई फांसी

**रायपुर।** महाराष्ट्र के मुंबई में ट्रेनी एयर होस्टेस रूपल ओगरे की उसके फ्लैट में हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप एक सफाईकर्मी पर लगा था, जिसका नाम विक्रम अटवाल था। पुलिस ने आरोपी विक्रम को गिरफ्तार कर लिया था। इस बीच, उसने पुलिस लॉक-अप में शुक्रवार को आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि पैंट से फांसी लगाकर उसने सुसाइड किया है।

इस हत्याकांड के शुरुआती पुलिस जांच में यह सामने आया था कि रूपल और विक्रम के बीच पहले से विवाद चला आ रहा था। रूपल जिस सोसाइटी में रहती थी, उसके साफ-सफाई को लेकर विक्रम के साथ कई बार कहासुनी भी हुई थी। संभवत: इसी बात से खुन्नस में आकर विक्रम ने रूपल की हत्या कर दी। रूपल ओगरे हत्याकांड में एक और बात की भी खूब चर्चा रही। वह था एकतरफा लव. सूत्रों के मुताबिक, विक्रम रूपल ओगरे से एकतरफा मोहब्बत करता था, जिसका पता रूपल को चल गया था। इसको लेकर उसने विक्रम को चेताया भी था।

मिर्च पाउडर झोंककर लूट का मामला निकला फर्जी

# मुंशी ने खुद ही रची साजिश, अपने ही साथियों के साथ दिया घटना को अंजाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर चांपा।** जिले के अकलतरा थाना क्षेत्र में एक दिन पहले राइस मिल के मुंशी से कट्टे की नोकर पर मिर्च पाउडर झोंककर लूट की घटना झूठी निकली। खुद मुंशी ने ही रुपए गबन करने के लिए अपने दो साथियों के साथ मिलकर साजिश को अंजाम दिया। घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस को जांच के दौरान मुंशी पर शक हुआ और उसे हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर सारी सच्चाई उगल दी। पुलिस ने मुंशी को गिरफ्तार कर लिया है वहीं उसके दो साथियों की तलाश की जा रही है।



बता दें 6 सितंबर को राखी राम कश्यप निवासी सिंधुल हाल मुकाम अकलतरा चौक ने अकलतरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने अपनी शिकायत में बताया कि वह राइस मिल में मुंशी का काम करता है। 6 सितंबर की सुबह वह अपने ऑफिस पहुंचा तो लगाभ 10.45 बजे दो व्यक्ति हेलमेट लगाकर ऑफिस अंदर घुस गए। कट्टा दिखाकर और आंखों में मिर्च पाउडर डालकर 6 लाख 60 हजार नगदी लूटकर ले गए। इस मामले में शिकायत के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 392, 34 के तहत अपराध दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की गई।

विवेचना दौरान आसपास के लोगों से घटना के संबंध में बारिकी से पूछताछ की गई। प्रार्थी राखीराम के बयान एवं रिपोर्ट में अलग अलग बातें सामने आई। इसके बाद कंपनी के मालिक ब्यास कश्यप ने इस मामले में अपने मुंशी राखीराम पर संदेह जताया। इसके बाद राखीराम को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। पुलिस की सख्ती से वह टूट गया और पूरी कहानी बता दी। राखीराम ने बताया कि उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया।


### पैसा गबन करना चाहता था मुंशी

आरोपी ने बताया कि वह कंपनी के मालिक व्यास कश्यप का पैसा को गबन करना चाहता था और इसी वजह से उसने इसका प्लान बनाया। प्लान के मुताबिक काम हो गया। राखीराम ने लूट के रुपए से अपने साथियों को 2 लाख 60 हजार रुपए दिए और शेष 4 लाख अपने पास रखे। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर 4 लाख रुपए बरामद किए है। वहीं उसके दोनों साथियों की तलाश की जा रही है। यही नहीं आरोपियों के खिलाफ धाराए 420, 409, 120 बी, 177, 182 भी जोड़ी गई हैं। इस पूरी कार्रवाई में डीएसपी जांजगीर शैलेन्द्र पाण्डेय, निरीक्षक सत्यकला रामटेके, एएसआई अरुण सिंह, आरक्षक प्रदीप दुबे, राघवेन्द्र घृतलहरे, बृजपाल बर्मन, नवीन रात्रे एवं सायबर सेल जांजगीर का सराहनीय योगदान रहा।

# कृषि विभाग के अफसर के घर लाखों की चोरी

## डिलवरी के लिए अस्पताल में भर्ती है पत्नी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** कृषि विभाग के अफसर के घर पर लाखों की चोरी हो गई है। अहिवारा में कार्यरत कृषि विस्तार अधिकारी उपेन्द्र प्रसाद देवांगन ने अपनी पत्नी को भिलाई के बीएम शाह अस्पताल में डिलवरी के लिए भर्ती कराया है। इधर पीछे से चोरों ने उनके घर से लाखों के जेवर पार कर लिए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना 28 अगस्त से 6 सितंबर के बीच की है। कृषि विस्तार अधिकारी उपेन्द्र प्रसाद की पत्नी को बीएम शाह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस वजह से उपेन्द्र का भिलाई आना जाना लगा हुआ था। 6 सितंबर को उनके पड़ोसी ने बताया कि अहिवारा में उनके घर के पीछे का ताला टूटा हुआ है। इसके बाद उपेन्द्र अपने घर पहुंचा और देखा कि बेडरूम में अलमारी खुली पड़ी है और उसमें रखे सोने चांदी के जेवर व नगदी गायब है।

चोरों ने घर की अलमारी से दो सोने के मंगल सूत्र 02 नग, कान का सेट, सोने का ब्रेसलेट, सोने का झुमका 1 जोडी, 5 सोने की अंगूठियां, 3 सोने का टॉप, सोने का छोटा लाकेट, 3 सोने की फुल्ली, चांदी का बर्तन, बच्चो वाला प्लेट, गिलास, कटोरी, चम्मच , चांदी की पायल 2 जोडी, चांदी का मूर्ति, 10 चांदी के सिक्के व नगदी रकम 5000 चोरी हो गए। नंदिनी पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

# बाप-बेटे स्कॉर्पियो में कर रहे थे अवैध शराब की डिलीवरी पुलिस ने पीछाकर पकड़ा, साढ़े 8 लाख रुपए का माल जब्त

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर के कबीर नगर थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक बाप बेटे को गिरफ्तार किया हैं। इनके पास से पुलिस ने साढ़े 8 लाख रुपए की अवैध शराब और गाड़ी जब्त की है।



दरअसल पुलिस को 6 सितंबर की रात टीप मिली कि दो व्यक्ति शराब लेकर टाटीबंध से हीरापुर की तरफ आ रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने एक्टिव होकर कड़ी नाकेबंदी कर दी। स्कॉर्पियो में बैठा ड्राइवर पुलिस को देखकर गाड़ी तेजी से भगाने लगा। उसके पीछे पेट्रोलिंग की गाड़ियां भी लगाई गई। जिसके बाद कुछ दूरी में ओवरटेक करके आरोपियों को रुकवाया गया।

जब गाड़ी की जांच की गई तो गाड़ी के अंदर शराब के कई बॉक्स मौजूद थे। ये आरोपी मुकेश कुमार शाह और पवन शाह हीरापुर के ही रहने वाले है। दोनों रिश्ते में पिता-पुत्र है। उनके पास से पुलिस ने 192 बॉटल देशी तो वही 14 बॉटल अंग्रेजी शराब जब्त की है। फिलहाल इस मामले में अब आगे की कार्रवाई जारी है।

पेड़ के सहारे घर के अंदर घुसे चोर

# आलमारी का ताला तोड़कर रुपये, फिर घर से सामान किया पार, नाबालिग समेत 4 गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** रायपुर के धरसींवा इलाके में एक शख्स के घर चोरी की वारदात हुई है। शातिर चोर पेड़ पर चढ़कर घर के अंदर दाखिल हुए थे। चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा चोरी के सामान खरीदने के मामले में 2 खरीददारों को भी पकड़ा गया है।



सिलतरा के स्टील फैक्ट्री के एक कर्मचारी पुरुषोत्तम करियारे ने धरसींवा थाना में 3 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया। जिसमें उन्होंने पुलिस को बताया कि वह 26 अगस्त से अपने परिवार के साथ एक कार्यक्रम में जांजगीर चांपा गया हुआ था। एक हफ्ते बाद जब वह घर लौटा तो उसने देखा कि घर का मेन गेट खुला हुआ है। कमरे के अंदर रखी आलमारी का ताला भी किसी ने तोड़ दिया है। घर का सब सामान बिखरा हुआ था।

चोरों ने उनके घर आलमारी में रखें गुल्लक, टीवी, सिलेंडर,गैस चोरी कर लिया है। जिसके बाद पूरा मामला धरसींवा पुलिस थाने पहुंचा। फिर पुलिस ने चोरों की खोजबीन शुरू कर दी।

### चोरी का सामान खरीदनें वाले भी पकड़ाए

इसी बीच जांच में पुलिस को पता चला कि धरसींवा के रहने वाले दो नाबालिगों ने इस पूरी वारदात को अंजाम दिया है। फिर इन्होंने बताया कि चोरी के समान को अजय देवांगन और राजेश दिवाकर को बेच दिया है। इसके बाद पुलिस ने इन चारों को गिरफ्तार कर लिया है।

# सरगुजा जिले का जनसूचना अधिकारी गिरफ्तार खुद को कुंवारा बताकर शिक्षिका से किया था दुष्कर्म

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सरगुजा।** छत्तीसगढ़ के सहायक जन सूचना अधिकारी ने खुद को अविवाहित बताकर पहले शिक्षिका को झांसे में लिया और उसके बाद उसका यौन शोषण किया। यह अफसर सरगुजा जिले में पदस्थ है। जब उसे पता चला कि अफसर शादीशुदा है और दो बच्चों को पिता है। इसके बाद युवती ने इस मामले में थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अपराध दर्ज करने के बाद अफसर को गिरफ्तार कर लिया है। मामला गांधीनगर थाना क्षेत्र का है।



पुलिस ने सरगुजा जिले में पदस्थ सहायक जन सूचना अधिकारी सुख सागर को अनाचार के आरोप में गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सुख सागर वर्ष 2019 से अप्रैल 2023 तक सरगुजा जिले में जनसंपर्क विभाग में सहायक जन सूचना अधिकारी के तौर पर कार्यरत था। इसी दौरान उसकी मुलाकत गांधीनगर में रहने वाली एक शिक्षिका से हुई थी। जन सूचना अधिकारी ने खुद को अविवाहित बताया और शिक्षिका को झांसे में लिया। इसके बाद उसने शादी का वादा कर शिक्षिका का यौन शोषण किया।

इस दौरान आरोपी का तबादला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में हो गया। इसके बाद भी शिक्षिका उसके संपर्क में रही। इधर एक दिन शिक्षिका को अधिकारी के विवाहित होने की जानकारी मिली तो उसने उस पर शादी करने का दबाव बनाया। पहले से शादीशुदा अफसर ने शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ अंबिकापुर के गांधीनगर थाना में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद गांधी नगर पुलिस ने धारा 376 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी जन सूचना अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया है।

# तंत्र मंत्र के जाल में फंसाकर युवती से दुष्कर्म, दो साल तक करता रहा हैवानियत, आरोपी बैगा गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर के सीपत थाना क्षेत्र में तंत्र मंत्र के जाल में फंसाकर युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी बैगा पीडिता की बहन का इलाज करने घर पहुंचा इसके बाद युवती को झांसे में लिया। तंत्र-मंत्र के जाल में फंसाकर बैगा युवती से लगातार दो साल तक हैवानियत करता रहा। आखिरकार युवती ने इसकी शिकायत दर्ज कराई। मामला दर्ज होने के बाद आरौपी बैगा फरार हो गया था। पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार सीपत थाना क्षेत्र की एक महिला की तबीयत बिगड़ने के बाद उसका इलाज कराया जा रहा था। युवती को आराम नहीं मिलने पर गांव में बैगा गुनिया की बातों में आकर उसका इलाज बैगा से कराने का मन बना लिया। इसके बाद बैगा को घर बुलाया गया। फूंक झाड के दौरान बैगा लगातार उनके घर पर आता था। इस दौरान बैगा की बीमार महिला की बहन पर नीयत डोल गई।

आरोपी बैगा ने उसे तंत्र-मंत्र के माध्यम से धमकाने और फिर खत्म कर देने की बात करते हुए उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने लगा। डरी सहमी युवती बाद में अपने परिवार वाले को इस पूरे मामले की जानकारी दी। जिस पर परिजन उसे लेकर थाने लेकर पहुंचे। आरोपी बैगा के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। मामले में सीपत थाना प्रभारी नरेश चौहान ने बताया कि बैगा ने पीड़िता को इतना डरा दिया था कि उसके खिलाफ अगर उसने कहीं कुछ बताया तो परिवार को तंत्र मंत्र के माध्यम से खत्म कर देगा। यही बात कहकर धमकी देते रहा। बयान के बाद पुलिस आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# बेकाबू ट्रक ट्रांसफॉर्मर में घुसाः ड्राइवर को आया मिर्गी का झटका, सड़क परं बैठी 3 गायों की हुई मौत

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र के पिरदा में एक बड़ा हादसा होने से टल गया। आज दोपहर तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक सड़क किनारे ट्रांसफॉर्मर में जा घुसा। बताया जा रहा है कि ट्रक ड्राइवर को मिर्गी का झटका आ गया था।



हालांकि इस घटना में किसी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नही है। लेकिन इस ट्रक की चपेट में आने से तीन मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इस हादसे में ट्रक के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

ये पूरा मामला पिरदा चौक में सुबह 10 बजे का है। यहां गुरुवार सुबह एक ट्रक असंतुलित होकर सड़क किनारे एक ट्रांसफॉर्मर में घुस गया। विधानसभा थाना TI दीपक पासवान ने बताया कि ट्रक चलाते हुए ड्राइवर को मिर्गी का झटका आ गया था। जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे ट्रांसफॉर्मर में घुस गई। जिस वक्त ये हादसा हुआ मौके में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। जिससे बड़ा हादसा टल गया।

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए मंदिरों में लगा श्रद्धालुओं का रैला

**दुर्ग।** श्री राधाकृष्ण मंदिर उत्सव समिति द्वारा पिछले हफ्तेभर से आयोजित नवधा पारायण रामायण पाठ और श्री विष्णु महायज्ञ से महेशनगर धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। जन्माष्टमी पर मंदिर में गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का रैला लगा रहा। सुबह से ही श्रद्धालु भजनों की धुन में नाचते -गाते हुए भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी आस्था भक्ति प्रकट करते रहे।इस अवसर पर मंदिर में पहली बार भगवान श्रीकृष्ण के महाभिषेक का आयोजन किया गया। जिसमें 61 जोड़ो द्वारा सामूहिक रूप से पूरे मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्रीकृष्ण का महाभिषेक किया गया। महाभिषेक के दौरान अद्भुत नजारा बना। जिससे पूरा कार्यक्रम स्थल जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। महाभिषेक उपरांत भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति को पुन: मंदिर में स्थापित किया गया और महाआरती उपरांत 56 भोग लगाया गया। मंदिर में रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर रात्रि 8.30 बजे से वृंदावन के प्रसिद्ध भजन गायक जतिन अग्रवाल व धीरज बावरा अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे। गुरुवार को सातवें दिन भी नवधा पारायण रामायण पाठ और श्री विष्णु महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने भारी उत्साह दिखाया। श्रद्धालुओं ने जोधपुर से पधारे पंडित गोपाल आसोपा और पंडित सुशील आसोपा के सानिध्य में रामायण की चौपाइयों का सामूहिक पाठ किया। जिससे पूरा वातावरण राममय हो गया था।

### जिले में अब तक 668.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग।** जिले में 1 जून से 7 सितंबर तक 668.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 857.4 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 410.0 मिमी. बोरी तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 645.5 मिमी, तहसील धमधा में 640.4 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 688.6 मिमी और तहसील अहिवारा में 771.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 7 सितंबर को तहसील दुर्ग में 48.3 मिमी, तहसील धमधा में 17.2 मिमी, तहसील पाटन में 3.0 मिमी, तहसील बोरी में 16.5 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 9.0 मिमी और तहसील अहिवारा में 12.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### बीएसपी विद्यालयों में मनाया गया शिक्षक दिवस समारोह

**भिलाई।** डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की स्मृति में बीएसपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर 2 भिलाई और पालक शिक्षक समिति के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी, विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक अमरेश कुमार और पूर्व प्राचार्य भिलाई विद्यालय श्रीमती अनीता चाको रहे। अतिथियों द्वारा ष्सर्वे भवंतु सुखिन:ष् की भावना एवं विश्व शांति की प्रार्थना करते हुए मां सरस्वती और डॉ एस राधाकृष्णन के तैल्यीय चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया। मुख्य अतिथि श्रीमती निशा सोनी ने अपने आतिथ्य भाषण में कहा कि बालक एक नन्हा पौधा है और शिक्षक उसका केवल माली है, मालिक नहीं। शिक्षक पाठशाला की उर्वर धरा पर अपने अनुभव और ज्ञान को उसे नन्हें पौधे पर सिंचित करता है।

# चिंताहरण बन पहुंचे विधायक देवेन्द्र

## एक झटके में हर ली हजारों नागरिकों की चिंता

श्रीकंचनपथ न्यूज़

भिलाई। तारीख थी 5 सितम्बर। दिन मंगलवार। सुबह के करीब 6 बजे होंगे, जब टाउनशिप के सेक्टर-4 स्थित पानी की एक जर्जर टंकी लडख़ड़ाती हुई दूसरी टंकी पर जा गिरी। क्षणभर बाद दोनों टंकियां जमींदोज होकर बिखर गईं। 36 लाख लीटर पानी और टंकियों का मलबा सड़कों पर बिखरकर सैलाब बन गया। इन टंकियों से बीएसपी, सेक्टर-4 व सेक्टर-3 के 3 हजार घरों में जलापूर्ति करता था। दोनों टंकियां ध्वस्त हुईं तो स्थानीय लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें और चेहरे पर सवाल थे कि अब दैनिक जरूरतों के लिए पानी कैसे मयस्सर होगा? क्योंकि टंकियों के नष्ट हो जाने का मतलब था, नई टंकियां बनाने में महीनों का वक्त लगना। इस दौरान पेयजल से लेकर निस्तारी तक के लिए जलापूर्ति कैसे होगी? ऐसे ही समय में चिंताहरण बन पहुंचे क्षेत्र के युवा विधायक देवेन्द्र यादव। साथ में थे महापौर नीरज पाल। उन्होंने नागरिकों के माथे पर उभर आई चिंता की लकीरों को एकबारगी पढ़ा और तत्काल प्रभावित इलाकों की जलापूर्ति के लिए डेरा डाल दिया। मौके पर ही झटपट फैसले लिए गए और अमल शुरू हो गया। संकट की इस भयावह घड़ी में लोगों को पता चला कि नेता और बेटा में क्या फर्क होता है।



यदि कोई नेता होता तो यह कतई संभव नहीं था, लेकिन यहां एक बेटा है। वह बेटा, जिसे भिलाइयंस ने अपने दिलों में बिठा रखा है। यह बेवजह भी नहीं है। भिलाई का महापौर और फिर विधायक निर्वाचित होने के बाद देवेन्द्र यादव ने क्षेत्र का नेता बनने की बजाए यहां के लोगों का बेटा, भाई और परिवार का एक अटूट सदस्य बनने की कोशिश की। इस कोशिश में वे भिलाई के प्रत्येक परिवार के साथ जुड़ते चले गए। विधायक के रूप में उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए जो निर्णय लिए, उन्होंने भी देवेन्द्र को घर-घर का बेटा बनाने में मदद की। आमतौर पर नेता अपने बंगलों में बैठकर समर्थकों की वाहवाही पर खुश होते हैं। इसके विपरीत देवेन्द्र यादव ने स्वयं को सदैव जमीन से जोड़े रखा। जब विधायक देवेन्द्र को यह पता चला कि सेक्टर-4 स्थित पानी की दोनों टंकियां भरभराकर गिर गई हैं तो बिना किसी देरी के उन्होंने मौके पर पहुंचना मुनासिब समझा। महापौर की मौजूदगी में नगर निगम की टीम बुलवाई गई और मलबा हटवाने का काम शुरू हुआ। बिना किसी पर दोषारोपण करते उन्होंने संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और वैकल्पिक रास्ते तलाशे।

टंकियां गिरने के चंद घंटों बाद ही सेक्टर-4 में वाटर एटीएम बनाने का काम शुरू हो गया। बड़ी संख्या में वाटर केन लोगों के घर-घर पहुंचाए गए। दर्जनभर से ज्यादा टैंकर मोहल्लों में घूम-घूमकर जलापूर्ति सामान्य करने में जुट गए। तत्काल दो बोर का भी खनन कर दिया गया और एक हैंडपम्प में सबमर्सिबल पम्प डलवाकर वहां भी जलापूर्ति सुचारू की गई। सेक्टर-1 से सेक्टर-4 तक के सभी वाटर एटीएम फ्री कर दिए गए। यह सब कुछ महज चंद घंटों में ही कर लिया गया। विधायक देवेन्द्र यादव की सलाह पर महापौर व उनकी पूरी टीम ने सेक्टर-4 में खुले आसमान के नीचे कैम्प लगा दिया ताकि स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को तत्काल मौके पर ही निपटाया जा सके। भला इतनी शिद्दत से कोई नेता काम कर सकता है? ऐसा तो एक बेटा ही कर सकता था। ...और भिलाई के बेटे के रूप में देवेन्द्र यादव ने महज चंद घंटों में वह सब कुछ कर दिखाया, जो यदि प्रशासनिक पचड़े में फंसता तो लोगों को महीनों तक पानी मिलना मुश्किल था। दरअसल, इस वक्त भिलाई के बेटे देवेन्द्र की जगह कोई नेता होता तो बड़ी-बड़ी बातें होती, पानी को तरसते लोगों को आश्वासनों की रेवडियां बांटी जाती और जलापूर्ति की एक छोटी सी पहल को टेंडर प्रक्रिया में उलझाकर पूरे मामले को ही ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता। लोग महीनों तक पानी के लिए तरसते रहते और नेता आश्वासनों की नदी से लोगों को निहाल करते रहते।

### बीएसपी अपनी जिम्मेदारी भुला- देवेन्द्र




विधायक देवेन्द्र यादव ने इतनी बड़ी घटना के लिए संयंत्र प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि संयंत्र के अधिकारी अपनी सोशल रिस्पान्सबिलिटी भूल गए हैं। अब हमारी कोशिश है कि नगर निगम प्रशासन, जिला प्रशासन और संयंत्र प्रबंधन के सहयोग से लोगों को पानी देने की व्यवस्था की जाए। हमने अपने स्तर पर भरपूर प्रयास किए हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मौके पर पहुंचने के बाद हमें यह तत्काल समझ आ गया था कि बीएसपी प्रबंधन स्थानीय नागरिकों को तत्काल पानी देने में सक्षम नहीं है। महापौर नीरज पाल ने कहा कि निगम ने फौरी व्यवस्था के तहत 20 से ज्यादा टैंकरों को प्रत्येक स्ट्रीट में भेजकर जलापूर्ति सामान्य करने की कोशिश की। सिसे लोगों को काफी राहत मिली है। इसके अलावा 8 बोर भी करवाए जा रहे हैं। इनमें से 5 बोर करा भी लिए गए हैं। इसके अलावा सेक्टर-4 टंकी से भी जलापूर्ति की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि बोरिया गेट व सेक्टर-2 अखाड़ा ग्राउंड स्थित वाटर एटीएम को भी मुफ्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि लोगों को दैनिक जरूरतों के साथ ही पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो।

### विधायक देवेन्द्र ने की 14 हजार लोगों की चिंता

50 साल से ज्यादा पुरानी पानी की टंकियों के अचानक ढह जाने से 3 हजार परिवारों के करीब 14 हजार लोगों के समक्ष अचानक ही पानी की गम्भीर समस्या उठ खड़ी हुई। ऐसे में भला यह कैसे संभव था कि विधायक देवेन्द्र यादव चुप बैठे रहते। मौके पर पहुंचकर उन्होंने चंद घंटों के भीतर घर-घर पानी पहुंचाने की व्यवस्था कर न केवल बेहतर निर्णय व नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया, अपितु यह भी साबित किया कि यदि ठान लिया जाए तो मुश्किल दिखने वाले काम भी आसान हो जाते हैं। दोनों टंकियां कैसे गिरी, इसकी जांच के लिए संयंत्र प्रबंधन ने कमेटी गठित कर दी है। यहब कमेटी अन्य दूसरी टंकियों की स्थिति की भी जांच करेगी और आवश्यकतानुसार उनका संधारण भी कराया जाएगा। इसके लिए भी विधायक देवेन्द्र यादव ने ही पहल की है। उल्लेखनीय है कि सेक्टर-7 की पुरानी पानी की टंकी को पहले ही ढहा दिया गया था। वहां अब नई टंकी बनाकर जलापूर्ति की जा रही है।

## बीएम शाह हॉस्पिटल में नि :शुल्क चिकित्सा शिविर, 10 से 17 सितंबर तक कई रोगों का करा सकेंगे इलाज

श्रीकंचनपथ न्यूज





**भिलाई।** बीएम शाह हॉस्पिटल शास्त्री नगर सुपेला में यूरोलॉजी एवं नेफ्रोलॉजी की नि:शुल्क शिविर का अयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 10 सितंबर से 17 सितंबर तक हॉस्पिटल में ही आयोजित होगा। यह शिविर सोमवार10 सितंबर से शानिवार 16 सितंबर शाम 04 बजे से 06 बजे तक तथा रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जारी रहेगी।

इस शिविर में छग प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट एवं नेफ्रोलॉजिस्ट अपनी सेवाएं देंगे। यूरोलाजिस्ट डॉ. एस तिवारी एमएस (सर्जरी), डीएनबी (यूरोलॉजी) एमएनएएमएस (यूरोलॉजी-एंड्रोलॉजी) द्वारा मूत्र रोग के लक्षण, गुर्दे (किडनी) में पथरी का इलाज, प्रोस्टेट की समस्या, पेशाब जोर से आना (बीपीच) या जोर लगाना, बार- बार होना, मूत्र त्याग करने में खून आना, दर्द होना, धार कम होना, मवाद आना, अनियंत्रित होना, कैंसर का संपूर्ण इलाज- किडनी, प्रोस्टेट, मूत्र थैली या अंडकोष में सूजन, लिंग में कैंसर सम्बन्धी समस्याओं का नि:शुल्क परामर्श देंगे। इसी प्रकार नेफ्रोलाजिस्ट डॉ. विजय वच्छानी डीएनबी (मेडिसिन), डीएम (नेफ्रोलॉजी) द्वारा क्रिएटनीन का बढ़ना पेशाब के रास्ते में रूकावटे जोर लगाना, धार पतली होना पेशाब में रक्त का आना, दर्द, जलन होना, बार - बार उल्टी होना सांस का फूलना, हाई बल्ड प्रेशर होना आंखो, हाथ और पैरो में सूजन होना त्वचा में लगातार खुजली महसूस होना आदि का परीक्षण करेंगे। संबन्धित बीमारियों का परामर्श के साथ बीपी, शुगर पूर्णत: नि: शुल्क रहेगा और अन्य जांच में 30त्न डिस्काउंट भी दिया जाएगा। एवं शिविर में आये हुए मरीजो की सर्जरी की अवश्यकता होने पर 25त्न की छूट दी जाएगी। हॉस्पिटल में पथरी, किडनी, पेशाबनली की थैली का दूरबीन पद्धति से इलाज किया जाता है।

यही नहीं मात्र 499 रुपए में प्रतिदिन 24 घंटे डायलिसिस सुविधा दी जाती है। शिविर के दौरान पहले 50 नए रजिस्ट्रेशन पर डायलिसिस फ्री की जाएगी। पूर्व रजिस्ट्रेशन एवं अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7773077711, 7773077722 पर संपर्क करें।

## चन्द्रयान-3 पर आयोजित व्याख्यान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, धनोरा दुर्ग में प्राचार्य डॉ. एम.ए. सिद्दिकी के कुशल नेतृत्व में, भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा नेशनल स्पेस डे के उपलक्ष्य में ''चन्द्रयान-3'' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. एन. के. चक्रधारी, सहायक प्राध्यापक भौतिक शास्त्र एवं खगोल भौतिकी अध्ययन शाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। साथ ही अतिथि का स्वागत प्राचार्य द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य डॉ. एमए सिद्धिकी द्वारा किया गया। प्राचार्य ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि गणित विषय हर क्षेत्र में अपनी महती भूमिका का निर्वाह करता है। अत: भौतिकी एवं खगोल भौतिकी जैसे क्षेत्रों में भी इसकी भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। इसी अद्वितीय भूमिका की वजह से आज हम भौतिकी, खगोल भौतिकी तथा अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण योगदान दे पा रहे हैं। खगोल भौतिकी से संबंधित अनेक विषयवस्तुओं की आधारभूत जानकारी, विद्यार्थियों के समक्ष रखी। डॉ. चक्रधारी द्वारा ज्वारभाटा आने के कारणों पर, चन्द्रमा के चतुर्थी तिथि एवं पूर्णिमा तिथि पर अलग-अलग समय में उदित होने संबंधी कारणों पर प्रकाश डाला गया।

# भरी बारिश में गृहमंत्री साहू एवं विधायक वोरा ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। राहुल गांधी द्वारा निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा के 1 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर हर जिले में भारत जोड़ यात्रा निकालनी थी इसी के तहत दुर्ग शहर जिला कांग्रेस व दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस के संयुक्त नेतृत्व में यात्रा निकाली गई। जिसमें छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ताम्रध्वज साहू एवं दुर्ग शहर विधायक व छत्तीसगढ़ वेयरहाउस कॉरपोरेशन के अध्यक्ष अरुण वोरा शामिल हुए।



यह यात्रा भारत जोड़ो यात्रा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निकाली गई। चूंकि आज दुर्ग शहर में तेज बारिश हो रही थी इसके बावजूद कांग्रेसियों ने यात्रा जारी रखी एवं भींगते हुए पूरे शहर में पद यात्रा की। यात्रा को लेकर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि राहुल गांधी जी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा निकालने का मुख्य उद्देश्य था कि दिल्ली में बैठी नरेंद्र मोदी सरकार ने भारत को तोडने का काम किया है लोगों को आपस में लड़ाने का काम किया है जिसके लिए राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी।

इसी को लेकर दुर्ग विधायक अरुण वोरा ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा न सिर्फकांग्रेस पार्टी की यात्रा नहीं बल्कि देश की यात्रा थी इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य किसानों को महिलाओं को गरीबों को एवं सर्व वर्ग को आपस में जोड़ कर रखने का था और केंद्र की सरकार ने जिस तरह लोगों को धर्म एवं जाति के नाम पर लडाने का कार्य किया है उसे बंद करने का था। वोरा ने कहा कि राहुल गांधी जी की भारत जोड़ यात्रा ऐतिहासिक यात्रा थी उनकी यात्रा से पूरे देश में कांग्रेस पार्टी की लहर बनी है और इसका पूरा फायदा कांग्रेस पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में होगा।

यात्रा में छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर एन वर्मा, महापौर निर्मल कोसरे, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र साहू, दुर्ग कांग्रेस जिलाध्यक्ष गया पटेल, दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, दुर्ग जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, मंडी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश सचिव संदीप वोरा एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 30 से अधिक महिलाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ, सरकार की नीतियों से हुए प्रभावित

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा विधायक ताम्रध्वज साहू की कार्यशैली व कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर ग्रामीण अंचल में लोगों का ब्लॉक महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पुष्पा साहू के नेतृत्व में महिलाओं का कांग्रेस प्रवेश जारी है। शुक्रवार को विधायक कार्यालय दुर्ग में ग्राम पंचायत झोला, ग्राम पंचायत अंजोरा ख की महिला समूहों की 30 से अधिक महिलाओं ने विधायक ताम्रध्वज साहू की कार्यशैली से खुश होकर कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया।



इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र साहू,अध्यक्ष केश शिल्प बोर्ड नंदकुमार सेन,उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख,जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख,सदस्य श्रम कल्याण मंडल झुमुक लाल साहू,जनपद सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख,जनपद सदस्य रूपेश देशमुख, राकेश हिरवानी,जिला कांग्रेस सचिव जामवंत गजपाल , इंद्राणी साहू उपस्थित थे। इस अवसर मंत्री साहू ने सभी को पुष्प गुच्छ से स्वागत किया और कांग्रेस का गमछा भेंट कर स्वागत किया और सभी को मिठाई खिलाकर सभी का मुहं मीठा कराया गया मंत्री साहू ने कहा कि आप सभी का कांग्रेस परिवार में आप सभी का स्वागत है आप सभी के जुडऩे से समाजिक शक्ति एवं छत्तीसगढ़ को आगे ले जाने हेतु नए विचार कांग्रेस पार्टी को नई मज़बूती प्रदान करेगी।

ग्राम झोला से धर्मीन सिन्हा, रीना देशमुख,जीती सिन्हा,मोंगरा देशमुख, शारदा देशमुख, हीरा निषाद, राम बाई साहू, वेदु बाई देशमुख, चांदनी निषाद,रजनी पटेल, गीता निषाद ग्राम अंजोरा से शांति साहू, कमलेश्वरी महार, निर्मला साहू, सविता साहू, ममता सारथी, उषा देशमुख, सोनिया यादव, भुनेश्वरी देशमुख, कमला पटेल, बेबी निषाद, भुनेश्वरी यादव सहित अन्य महिलाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ली।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950